डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-23, मूल्य ₹10.00

www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 08.06.2020 से 14.06.2020

मध्यप्रदेश में एकल नागरिक डाटाबेस बनाया जाएगा - मुख्यमंत्री

विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए नहीं मांगनी होगी अलग-अलग जानकारी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में 'एकल नागरिक डाटाबेस' तैयार किये जाने संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में शीघ्र ही 'एकल नागरिक डाटाबेस' तैयार किये जाने का कार्य किया जाएगा। अभी विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए नागरिकों से बार-बार जानकारी मांगनी पड़ती है। एकल नागरिक डाटाबेस बन जाने से नागरिकों को बार-बार जानकारी नहीं देनी होगी। शासन के पास उपलब्ध जानकारी का विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए उपयोग किया जा सकेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रदेश में एकल नागरिक डाटाबेस तैयार किए जाने संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में लगभग 600 से 700 हितग्राहीमूलक योजनाएं संचालित हैं। इन योजनाओं का लाभ देने के लिए हितग्राहियों का अलग-अलग पंजीयन किया जाता है। इससे एक ओर शासकीय मशीनरी को बहुत समय खर्च करना पड़ता है, वहीं नागरिकों को भी बार-बार जानकारी उपलब्ध करानी होती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि एकल नागरिक डाटाबेस बन जाने से शासकीय मशीनरी का समय बचेगा, वहीं नागरिकों के लिए नई व्यवस्था अधिक सुविधाजनक होगी।

राजस्थान, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना में व्यवस्था लागू

श्री चौहान ने बताया कि वर्तमान में राजस्थान, तेलंगाना एवं आंध्रप्रदेश राज्यों में नागरिक डाटाबेस बनाया गया है। राजस्थान में यह योजना 'भामाशाह' के नाम से तथा आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना में 'प्रजा साधिकार' नाम से संचालित है।

बार-बार नहीं मांगने होंगे दस्तावेज

मुख्यमंत्री ने बताया कि एकल नागरिक डाटाबेस बन जाने से हितग्राहियों से बार-बार उनके दस्तावेज नहीं मांगने होंगे। जैसे एक बार किसी नागरिक का जाति प्रमाण पत्र जारी करने के बाद उसका रिकार्ड एकल डाटाबेस में रहेगा, अतः किसी दूसरी योजना का लाभ लेने के लिए उससे दोबारा जाति प्रमाण पत्र मांगने की आवश्यकता नहीं होगी।

एकल नागरिक डाटाबेस में नागरिक के नाम, पते आदि के अलावा उसकी शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, भूमि का विवरण, उगाई गई फसल, मूल निवासी प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा प्रमाण पत्र आदि की जानकारी रहेगी।

एकल डाटाबेस का निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा कि एकल डाटाबेस के निर्माण के लिए समग्र डाटा को बेहतर बनाया जाएगा तथा आधार के बायोमेट्रिक का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही विभिन्न प्रकार के डाटा का मिलान कर तथा नागरिक का बायोमेट्रिक्स सत्यापन कर एकल डाटाबेस का निर्माण किया जाएगा। इसे निरंतर अपडेट करने की व्यवस्था भी की जाएगी।

मोदी नाम नहीं, मंत्र है जो ऊर्जा भरता है - मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वितीय कार्यकाल का प्रथम वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी सहित पूरे राष्ट्रवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ एक नाम नहीं है, बल्कि वे देश की करोड़ों-करोड़ जनता के हृदय के हार हैं। वे दिलों पर राज करते हैं। भारत वर्ष की मुकुट मणि हैं। लोगों का उनके प्रति अनन्य प्रेम झलकता है। महान नेता श्री मोदी ने गत छह वर्ष में एक भी अवकाश नहीं लिया। वे हमेशा भारत माता तथा अपनी जनता के लिए घनघोर और अथक परिश्रम करते रहते हैं। राष्ट्र को ऊंचाईयों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी नाम में ही संदेश छिपा है। एम से मोटीवेशनल और मेहनती, ओ से ओजस्वी और भारत में छिपी अपार्च्युनिटी को पहचानकर उसे निखारने का प्रयास करने वाले नेता। कोरोना की चुनौती को उन्होंने अवसर में बदला। श्री चौहान ने कहा कि मोदी के डी का अर्थ है दूरदर्शिता रखने वाले, डायनमिक लीडरशिप और डेवलपमेंट की ओर ले जाने वाले नेता। आई से आशय है, इंस्पायर करने वाले, दृढ़ इच्छा-शक्ति से इंडिया को अलग पहचान देने वाले नेता। वे सभी को ऊर्जा और विश्वास से भरने का कार्य करते हैं। श्री चौहान ने कहा कि दुनिया प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को विकास पुरुष के नाम से जानती है।

प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों में लगभग चार लाख विद्यार्थी देंगे परीक्षा

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी शासकीय विश्वविद्यालयों में स्नातक अंतिम वर्ष तथा स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं पेन-पेपर मोड पर 29 जून से 31 जुलाई के मध्य आयोजित होंगी। इसके तहत 7 विश्वविद्यालयों में लगभग 4 लाख विद्यार्थी स्नातक अंतिम वर्ष तथा स्नातकोत्तर चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं देंगे।

प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन ने बताया कि कुल 597 परीक्षा केन्द्रों पर स्नातक अंतिम वर्ष के लगभग 3 लाख 4 हजार 853 विद्यार्थी तथा स्नातकोत्तर चौथे सेमेस्टर के लगभग एक लाख विद्यार्थी ऑफलाइन परीक्षा में शामिल होंगे। श्री राजन ने जानकारी देते हुए बताया कि रीवा विश्वविद्यालय को छोड़ कर शेष 6 विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर की 25 प्रतिशत परीक्षाएं हो गई हैं। स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षाएं किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं हुई हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के संचालन में परीक्षा केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

प्रमुख सचिव ने बताया कि स्नातक प्रथम, द्वितीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर और अन्य पाठ्यक्रमों की नियमित परीक्षाएं स्थानीय स्तर पर परिस्थितियां सामान्य होने पर आयोजित की जा सकेंगी। स्नातक कक्षाओं के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को अगली कक्षा में प्रवेश देकर एक सितम्बर 2020 से नया सत्र प्रारंभ किया जायेगा। इस वर्ष के लिए स्नातक कक्षाओं और पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का नया सत्र एक अक्टूबर 2020 से शुरू होगा।

गेहूं के शत-प्रतिशत सुरक्षित भंडारण का कार्य सुनिश्चित करें

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलेक्टरों और कमिश्नरों को विभिन्न जिलों में हुई बारिश के संदर्भ में गेहूं का शत-प्रतिशत सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ कोविड-19 और अब निसर्ग तूफान की वजह से तेज हवाओं के साथ बारिश के कारण कुछ स्थानों पर खुले में रखे गेहूं का सुरक्षित भंडारण एक चुनौती है। हालांकि बहुत कम मात्रा में गेहूं गोदामों तक न पहुंचने की बात सामने आई है, लेकिन किसानों को उनके उपार्जित गेहूं का पूरा भुगतान किया जाएगा। चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। श्री चौहान ने निर्देश दिए कि उपार्जित गेहूं के परिवहन का कार्य जिन जिलों में पूरा हो गया है, वहां के वाहनों को अन्य जिलों में परिवहन कार्य में संलग्न करें।

गेहूं उपार्जन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे क्रम पर

मुख्यमंत्री ने गेहूं के बंपर उत्पादन और उपार्जन के लिए किसानों सहित संबंधित सरकारी विभागों के अधिकारियों और जिला कलेक्टरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन का ऐतिहासिक कार्य हुआ है। अब तक एक करोड़ 25 लाख 60 हजार मीट्रिक टन उपार्जन हो चुका है। पंजाब के बाद मध्यप्रदेश अभी दूसरे क्रम पर है। यह गर्व की बात है। श्री चौहान ने कहा 26 जिलों में शत-प्रतिशत गेहूं उपार्जन और परिवहन का कार्य विपरीत परिस्थितियों में संभव कर दिखाया गया। विपरीत परिस्थितियों में और संकट में सफलता प्राप्त करने का अपना आनंद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं भी गेहूं खराब न हो इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाए। केरल में मानसून दस्तक दे चुका है। ऐसे में आने वाले दिनों में भी जहां खुले में गेहूं रखा है, उसे सुरक्षित रखने का कार्य किया जाए। जो शेष स्कंध है उसे शीट बिछाकर रखने की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि किसानों को उन्हें मिलने वाली राशि का भुगतान भी सुनिश्चित करें। चने के उपार्जन और परिवहन के संबंध में भी श्री चौहान ने सभी कलेक्टर को निर्देश दिए। तिवड़ा मिश्रित चने की अनुमति प्राप्त होने के बाद यह कार्य भी पूरा किया जाए।

रोज़गार सेतु पोर्टल

एक ही फोरम पर उपलब्ध होगी रोज़गार लेने और देने वालों की जानकारी

भोपाल, मध्यप्रदेश में लौटे प्रवासी श्रमिकों की जानकारी, कुशल और अकुशल श्रेणी में उनकी योग्यता के साथ 10 जून से रोज़गार सेतु पोर्टल पर उपलब्ध होगी। इस पोर्टल पर प्रदेश के उद्योगों में आवश्यक जॉब वेकेंसी की जानकारी भी उपलब्ध होगी। रोज़गार चाहने वाले और रोज़गार देने वालों की जानकारी एक ही फोरम में लाने से जहाँ उद्यमियों को आवश्यकतानुसार श्रमिक सुविधापूर्वक उपलब्ध हो जायेंगे, वहीं श्रमिकों को रोज़गार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रोज़गार सेतु पोर्टल का लोकार्पण 10 जून को करेंगे।

श्रमिकों की जिलेवार जानकारी होगी उपलब्ध

'रोज़गार सेतु पोर्टल' पर सर्वे किये गये सभी प्रवासी श्रमिकों की जानकारी उनके कौशल के अनुसार जिलावार उपलब्ध रहेगी। प्रवासी श्रमिकों में निर्माण श्रमिकों की 43, असंगठित श्रमिकों की 40 और कारखानों में नियोजित श्रमिकों की 9 श्रेणियां हैं। श्रमिकों को अपनी जरूरत अनुसार रोज़गार देने के इच्छुक व्यक्ति/संस्थान, रोज़गार सेतु के पोर्टल www.RojgarSetu.mp.gov.in पर जा कर लॉग इन एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकेंगे। पोर्टल पर पंजीयन के बाद प्रवासी श्रमिकों के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। पोर्टल में प्रवासी श्रमिकों के उपलब्ध मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकेगा।

नियोजकों की जानकारी होगी प्रदर्शित

अपर मुख्य सचिव श्रम डॉ. राजेश राजोरा ने जानकारी दी है कि रोज़गार सेतु पोर्टल पर ऐसे नियोजकों की जानकारी भी प्रदर्शित की जायेगी, जो श्रमिकों की भर्ती के लिये पदवार योग्यता आदि सहित जॉब वेकेंसी की जानकारी देना चाहते हैं। प्रवासी श्रमिक पोर्टल पर प्रदर्शित उद्यमियों, संस्थानों, नियोजकों से फोन अथवा ई-मेल पर स्वयं भी सम्पर्क कर सकेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिन प्रवासी श्रमिकों को मनरेगा में रोज़गार उपलब्ध कराया गया है, उनकी जानकारी भी पोर्टल में उपलब्ध रहेगी।

सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, खनिज साधन, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नर्मदा घाटी विकास विभाग और कलेक्टर्स से नियोजकों को पोर्टल पर प्रवासी श्रमिकों को रोज़गार प्रदान करने के लिये बनाये गये रोज़गार सेतु पोर्टल के प्रति जागरूक करने तथा इसके उपयोग के लिये प्रेरित करने के लिये कहा गया है।

प्रवासी श्रमिकों के लिये रोज़गार के अवसर सृजित करने के लिये औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, सूक्ष्म, लघु, मध्यम एवं उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग और श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चयनित जिलों में जिला स्तर पर रोज़गार मेले भी लगाये जायेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

30 मई

पीपीई किट पहनकर टिकट चैक करेंगे टीटीई

● एक जून से चलने वाली ट्रेनों में अब टीटीई भी अलग नजर आयेंगे। टीटीई अब परम्परागत काले कोट और टाई नहीं, बल्कि पीपीई किट पहनेंगे। भारतीय रेलवे ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। रेलवे ने कहा कि यह कदम रेलवे कर्मचारियों को कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाने के लिये उठाया गया है। नये दिशा-निर्देशों के अनुसार, टिकट जांच करने वाले कर्मचारियों के लिये कोट और टाई की अनिवार्यता समाप्त की गई है, हालांकि इस दौरान टीटीई अपने नाम और पद अंकित बैज पहने रहेंगे। इसके अलावा टीटीई को मैग्निफाइंग ग्लास भी दिया जायेगा, ताकि वह दूर से ही टिकटों की जांच कर सकें।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने किशोरों को तंबाकू की लत से बचाने के लिये एक नया टूल किट लॉन्च किया है। यह टूलकिट 13 से 17 वर्ष की आयु के स्कूली छात्रों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस टूल किट में एक पांच मिनट का वीडियो और 10 मिनट का क्विज जैसे टूल शामिल हैं। साथ ही यह टूल किट छात्रों को दो समूहों में बांटकर चर्चा और कार्यशाला भी आयोजित कराता है। डब्ल्यूएचओ के हेल्थ प्रमोशन निदेशक रूडिगर क्रेच ने बताया कि युवाओं को जागरूक करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि तंबाकू की लत वाले 10 में 9 लोग 18 से कम आयु में इसकी शुरुआत करते हैं। हम युवाओं को इतनी जानकारी देना चाहते हैं कि वे तंबाकू के सेवन से दूर रहें।

● संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् ने दक्षिण सूडान पर लगी हथियार, यात्रा और वित्तीय पाबंदियों को एक वर्ष के लिये बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव का मसौदा अमेरिका ने तैयार किया है। प्रस्ताव के दौरान रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने मत विभाजन में भाग नहीं लिया। प्रस्ताव के अनुसार, दक्षिण सूडान में शांति की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने का स्वागत किया गया है। प्रस्ताव में दक्षिण सूडान में लगातार संघर्ष पर गहरी चिंता भी व्यक्ति की गई है और शांति समझौते के उल्लंघन की निंदा की गई है।

31 मई

ओपन बोर्ड की परीक्षाएं 17 जुलाई से होंगी शुरू

● नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल (एनआईओएस) की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं 17 जुलाई से 13 अगस्त तक आयोजित की जायेंगी। केंद्रीय मानव संसाधन और विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने ट्विटर के जरिये बताया कि ये परीक्षाएं देशभर में स्थित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि पहले ये परीक्षाएं 24 मार्च से 24 अप्रैल तक आयोजित होनी थीं, लेकिन राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के कारण इन परीक्षाओं को स्थगित किया गया था। एनआईओएस ने इन परीक्षाओं की डेटशीट भी जारी कर दी है।

● जम्मू और कश्मीर तथा नक्सल प्रभावित राज्यों में तैनात केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के लिये 40 हजार से ज्यादा हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट और 170 से ज्यादा बख्तरबंद वाहन मिलेंगे। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दी है। सीआरपीएफ के अधिकारियों के अनुसार, इन बुलेट प्रूफ जैकेट्स का वजन पुराने जैकेटों के वजन से लगभग 40 प्रतिशत कम है। नये जैकेट्स से जवानों के शरीर को पूरी सुरक्षा मिलेगी। आतंकियों के खिलाफ अभियान में इन जैकेट्स का इस्तेमाल किया जायेगा। साथ ही जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये 80 मारुति जिप्सी वाहनों को रि-फ्रैबिकेट कर कवचनुमा बनाया गया है। इन वाहनों में 5-6 जवानों के बैठने की क्षमता है। ये वाहन गोलियों की बौछार से लेकर ग्रेनेड हमला तक सह सकते हैं।

● पाकिस्तान ने देश के लगभग सभी हवाई अड्डों से अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें बहाल करने का निर्णय लिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में सभी देशी और विदेशी एयर लाइन की विदेश जाने वाली सभी शेड्यूल, नॉन शेड्यूल और चार्टर्ड विमानों को केवल विदेश जाने वाले यात्रियों के साथ उड़ान भरने की अनुमति दी गई है। इससे पहले पाकिस्तान ने 16 मई को घरेलू विमान सेवाएं बहाल की थीं। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण पाकिस्तान ने भी लॉकडाउन लगाकर सभी उड़ानें रद्द कर दी थीं।

1 जून

आयकर विभाग ने जारी किये नये आईटीआर फॉर्म

● आयकर विभाग ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिये नये आईटीआर फॉर्म जारी किये हैं। इस बार रिटर्न फॉर्म में कई बदलाव किये गये हैं। वित्त मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी कर आईटीआर-1 (सहज), आईटीआर-2, आईटीआर-3, आईटीआर-4 (सुगम), आईटीआर-5, आईटीआर-6, आईटीआर-7 और आईटीआर-V फॉर्म जारी किये हैं। आयकर विभाग ने कोरोना महामारी को देखते हुये पहले जारी किये गये आईटीआर फॉर्म-1 और आईटीआर-4 को वापस ले लिया था, ताकि महामारी की वजह से दी गई राहतों को नियमों में शामिल किया जा सके।

● संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कोरोना महामारी के कारण नई मतदान व्यवस्था के तहत 17 जून को सुरक्षा परिषद् के पांच अस्थाई सदस्यों के लिये चुनाव कराने का फैसला किया है। महासभा के निर्णय अनुसार, सुरक्षा परिषद् में अस्थाई सदस्यों के चुनाव और आर्थिक तथा सामाजिक सदस्यों के चुनाव जून 2020 में एक साथ पूर्ण बैठक के बिना आयोजित किये जायेंगे। भारत एशिया प्रशांत सीट के लिये एकमात्र दावेदार है, ऐसे में भारत का सुरक्षा परिषद् का सदस्य बनना तय हो गया है।

● कोरोना महामारी से निपटने के लिये रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) भी प्रयास कर रहा है। डीआरडीओ ने कोरोना की दवा तैयार की है। इस दवा को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने मरीजों पर परीक्षण की अनुमति प्रदान की है। डीआरडीओ ने उत्तरप्रदेश सरकार से तीन मेडिकल कॉलेजों (संस्थाओं) में दवा के क्लीनिकल ट्रायल की अनुमति मांगी थी। डीआरडीओ ने कहा कि सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलीक्यूलर बॉयोलॉजी हैदराबाद तथा राष्ट्रीय विषाणु संस्थान पुणे में सार्स-कोव-2 विषाणु में इस दवा का लैब परीक्षण किया गया है। यह दवा वायरस को खत्म करने में बहुत कारगर साबित हुई है।

2 जून

पेंशनभोगियों को बढ़ी हुई पेंशन देगा ईपीएफओ

● कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के पेंशनभोगियों को अब बढ़ी हुई पेंशन मिलेगी। ईपीएफओ ने एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार द्वारा परिवर्तित पेंशन को बहाल करने के लिये कुल 973 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। इनमें पेंशन के लिये 868 करोड़ रुपये तथा एरियर के लिये 105 करोड़ रुपये हैं। ईपीएफओ की सिफारिश के आधार पर भारत सरकार ने श्रमिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांगों में से एक को स्वीकार कर लिया है। मांग यह थी कि नौकरी के 15 वर्ष बाद पेंशन के परिवर्तित मूल्य को बहाल करने की अनुमति प्रदान की जाये। सरकार के इस फैसले से ईपीएफओ के 65 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा।

● निजी विमानन कंपनी एयर एशिया इंडिया ने कोरोना महामारी से निपटने में डॉक्टरों के योगदान के प्रति आभार जताते हुये घरेलू मार्गों पर डॉक्टरों को 50 हजार रेडपास देने की घोषणा की है। इस पास के तहत मुल किराया माफ होगा। इस योजना के तहत यात्रा एक जुलाई से 30 सितंबर 2020 के बीच होनी चाहिये। एयर एशिया इंडिया ने कहा कि कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में डॉक्टरों के योगदान का सम्मान करते हुये यह योजना शुरू की गई है। इसके तहत घरेलू नेटवर्क पर किसी भी गंतव्य के लिये डॉक्टर 50 हजार सीट सिर्फ शुल्क और करों का भुगतान कर बुक कर सकेंगे।

● कोरोना वायरस अब धीरे-धीरे अपनी क्षमता खो रहा है। अब यह उतना जानलेवा नहीं रह गया है, जितना यह शुरुआत में था। यह दावा इटली के शीर्ष डॉक्टरों ने किया है। सैन रैफेल अस्पताल के प्रमुख अल्बर्टो जंग्रिलो ने कहा कि कोरोना वायरस की घटती क्षमता लोगों के लिये एक राहत भरी खबर है। पिछले 10 दिनों की जांच में जो तथ्य सामने आये हैं, उससे पता चलता है कि वायरस दो महीने पहले की तुलना में कमजोर पड़ चुका है। उन्होंने कहा कि क्लीनिकल रूप से कोरोना वायरस अब इटली में मौजूद नहीं है। उल्लेखनीय है कि इटली कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से एक है। इटली में 33 हजार से अधिक लोग कोरोना वायरस के कारण काल का ग्रास बने हैं।

3 जून

विश्वविद्यालय अब एक जुलाई से पहले भी करा सकेंगे परीक्षा

● विश्वविद्यालयों में परीक्षाओं को लेकर प्रयास शुरू हो गये हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने परीक्षाओं को लेकर विश्वविद्यालयों को फ्री हैंड दिया है। विश्वविद्यालय अब कोविड-19 के संक्रमण की स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुये अपने स्तर पर परीक्षाएं कराने की योजना तैयार कर सकेंगे। ये परीक्षाएं अब एक जुलाई से पहले भी हो सकती हैं और जुलाई के बाद भी हो सकती हैं। इससे पहले यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को लेकर जारी किये गये शैक्षणिक कैलेंडर में जुलाई माह में परीक्षाएं आयोजित कराने का सुझाव दिया था। इसमें सबसे पहले अंतिम वर्ष के छात्रों की परीक्षाएं कराने को कहा था, जो 1 से 15 जुलाई के बीच होनी थीं। इसके बाद प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं आयोजित होनी थीं। यूजीसी के चेयरमैन डॉ. डी.पी. सिंह ने कहा कि जो शैक्षणिक कैलेंडर जारी किया गया था वह तात्कालिक परिस्थितियों के आकलन पर तैयार किया गया था।

● भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के वैज्ञानिकों ने प्राण परियोजना के तहत लगभग 2 महीने में ही स्वदेशी तकनीक और उपकरणों से आईसीयू श्रेणी के वेंटिलेटर का प्रोटोटाइप तैयार किया है। इस वेंटिलेटर में आरओ और ऑटोमेटिव कंपनियों के उपकरण लगे हैं।

● असम में लगातार बारिश के कारण तीन इलाकों में भू-स्खलन हुआ। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। ये हादसे कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिलों में हुये। इन हादसों में 9 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। स्थानीय प्रशासन ने राहत और बचाव अभियान शुरू कर दिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। असम में कई इलाकों में बाढ़ के हालात हैं। ऐसे में प्रभावित इलाकों का सड़क सम्पर्क टूट गया है।

4 जून

केंद्र सरकार ने घर बैठे पढ़ने का वैकल्पिक कैलेंडर किया जारी

● केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय ने कक्षा 11वीं और 12वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिये एक वैकल्पिक कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर को राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एनसीईआरटी) द्वारा विकसित किया गया है। यह वैकल्पिक कैलेंडर कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्रों को कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न संकट में उन्हें घर से पढ़ाई जारी रखने में मदद करेगा। केंद्रीय मानव संसाधन और विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ट्वीट कर बताया कि यह कैलेंडर शिक्षकों और विद्यार्थियों को डिजिटल और ऑनलाइन पोर्टल से परिचित होने में मदद करेगा। इस कैलेंडर की मदद से छात्र और शिक्षक मोबाइल एप्लिकेशन, टीवी चैनल और एनसीईआरटी के यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से शैक्षिक सामाग्री का इस्तेमाल कर सकते हैं। साथ ही छात्र हेल्पलाइन नंबर से अपने प्रश्नों का उत्तर भी प्राप्त कर सकेंगे।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोरोना महामारी के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली एंटी मलेरिया दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन (एचसीक्यू) के परीक्षण को फिर से शुरू करने की मंजूरी दे दी है। अमेरिका सहित विश्व के कई देशों ने कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज में एचसीक्यू दवा का इस्तेमाल किया है, लेकिन कुछ दिन पहले एक पत्रिका की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एचसीक्यू दवा के इस्तेमाल से कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत की संभावना बढ़ जाती है। इसके बाद डब्ल्यूएचओ ने इस दवा के परीक्षण पर रोक लगा दी थी। इस रोक के बाद भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् ने दवा के बारे में कहा था कि भारत में हुये शोधों में एचसीक्यू इस्तेमाल करने से कोई दुष्परिणाम सामने नहीं आये हैं।

● अफगानिस्तान में पिछले दिनों हुये अलग-अलग आतंकी हमले में लगभग 3 पुलिसकर्मियों सहित 15 लोगों की मौत हो गई। ये तीनों हमले अलग-अलग प्रांतों में हुये हैं। पहला आतंकी हमला पकतिया प्रांत के सैद करम जिले में हुआ। यहां बम धमाके में पुलिस अधीक्षक मुहम्मद हुमायूं सहित चार पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो गई। आतंकियों ने पुलिस अधीक्षक के वाहन में बम फिट किया था। दूसरा बम धमाका राजधानी काबुल की एक मस्जिद में हुआ, जिसमें मौलवी सहित दो लोगों की मृत्यु हो गई। तीसरा आतंकी हमला कंधार प्रांत में हुआ। आतंकियों ने कंधार में एक यात्री बस को बम से उड़ा दिया। बस में बैठे नौ यात्रियों की मौत हो गई।

5 जून

नौसेना के एयर क्राफ्ट कैरियर पर तैनात होंगे स्वदेशी लड़ाकू विमान

● नौसेना के एयर क्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रमादित्य पर लड़ाकू विमान तेजस-एन की सफल लैंडिंग ट्रायल के बाद अब दूसरे स्वदेशी लड़ाकू विमान को विकसित करने की मंजूरी मिल गई है। एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) मेक इन इंडिया के तहत डबल इंजन के स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाएगी। नये लड़ाकू विमान अगले 6 वर्षों में बनकर तैयार हो जायेंगे, इसके बाद इन्हें आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जायेगा।

● कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई के लिये भारत ने अंतर्राष्ट्रीय वैक्सीन गठबंधन (गावी) को 15 मिलियन यूएस डॉलर की मदद दी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन द्वारा आयोजित वर्चुअल ग्लोबल वैक्सीन समिट में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने यह मदद देने की बात कही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गावी को हमारा समर्थन फंडिंग तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक वैश्विक गठबंधन है, बल्कि वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है और इस बात की याद दिलाता है कि दूसरों की मदद करते हुये भी हम अपनी मदद कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत में एक बड़ी आबादी, सीमित स्वास्थ्य सुविधाएं हैं और भारत टीकाकरण का महत्व समझता है। उल्लेखनीय है कि इस समिट में विश्व के 50 से ज्यादा देशों के बिजनेस लीडर्स, सिविल सोसायटी, यूएन एजेंसियों और सरकार के मंत्रियों ने हिस्सा लिया।

● विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार ने वन विभाग, नगर निकायों, गैर सरकारी संगठनों, कॉर्पोरेट्स और स्थानीय नागरिकों के बीच भागीदारी और सहयोग पर नये सिरे से ध्यान केंद्रित करते हुये अगले पांच वर्षों में देशभर में 200 शहरी वन विकसित करने के लिये नगर वन योजना के कार्यान्वयन की घोषणा की है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने टाइम फॉर नेचर पर जोर देते हुये कहा कि 'यदि हम प्रकृति की रक्षा करते हैं, तो प्रकृति हमारी रक्षा करती है।'

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 23, 08.06.2020 से 14.06.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

कोरोना नियंत्रण की समीक्षा

लॉकडाउन-5 अर्थात् अनलॉक 1.0 में दुकानों के खुलने पर बहुत भीड़ एकत्र न हो और सभी सावधानियाँ बरती जाएं। इस बारे में सभी दुकानदार, आम नागरिक और नगर-निगम सहित संबंधित सरकारी विभाग विशेष ध्यान रखेंगे। इस बारे में कलेक्टर्स को भेजे जा रहे विस्तृत निर्देश भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप तैयार किए गए हैं। इनका कलेक्टर्स द्वारा पालन सुनिश्चित कराया जाए। सार्वजनिक क्षेत्रों में फेस मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य है। हैंड सेनेटाइजर और साबुन से हाथ धोने की व्यवस्था भी दुकानों के पास उपलब्ध करवायी जाए। दुकानों पर बिना मास्क के कोई ग्राहक नहीं आ सकेगा। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य में कोरोना नियंत्रण की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहीं। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि बाजारों के खुलने से नागरिकों की आवाजाही बढ़ना स्वाभाविक है। इसके साथ ही सभी आवश्यक उपायों से कोरोना वायरस पर नियंत्रण का कार्य लगातार होना चाहिए। बैठक में जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश में कुल 8 हजार 420 कोरोना पॉजिटिव केस पाए गए। अब तक 5 हजार 221 रिकवर हो गए हैं। एक्टिव केस 2 हजार 835 हैं। प्रदेश का रिकवरी रेट 62 प्रतिशत है, जबकि देश का रिकवरी रेट 48 प्रतिशत है। श्री चौहान ने जबलपुर के संबंध में समीक्षा के दौरान कहा कि जबलपुर में 20 मार्च को प्रथम कोरोना पॉजिटिव की जानकारी प्राप्त हुई थी। जिले में नियंत्रण अच्छा रहा, लेकिन किसी भी स्थिति में रोग को छुपाने का कार्य नहीं होना चाहिए। जिले में हुई 10 मृत्यु के संबंध में मुख्यमंत्री ने प्रकरणवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई मृत्यु की घटनाओं की समीक्षा कर स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ प्रकरण में रोगी के अस्पताल में रहने की अवधि एक या दो दिन है। इसका अर्थ है रोगी की पहचान के कार्य में विलंब हुआ है। इस तरह का विलंब नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने जबलपुर में नागरिकों में लक्षणों के आधार पर रोग की सीधी पहचान, समुचित उपचार और आवश्यक सावधानियाँ बरतने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजगढ़ जिले में कोरोना नियंत्रण की समीक्षा करते हुए पूछा कि क्या सर्वे दल अभी भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही बाहर से आए श्रमिकों की स्क्रीनिंग की क्या व्यवस्था है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 1600 से अधिक श्रमिक बाहर से आए थे, जिनकी क्वारंटीन की व्यवस्था की गई। जिले में कुल 60 सर्वे दल कार्य कर रहे हैं। कुल 6 कंटेनमेंट एरिया बनाए गए हैं। जिनमें 18 हजार 220 आबादी कवर हो रही है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि इंदौर और उज्जैन में स्थिति में सुधार हो रहा है। राज्य शासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं के मुकाबले अस्पतालों में रोगियों की संख्या काफी कम है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य ने दो दिन मालवांचल में रह कर कोरोना वायरस नियंत्रण के लिए अस्पतालों का निरीक्षण और व्यवस्थाओं के अवलोकन का कार्य किया। मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण के लिए सभी स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं, सरकारी और निजी अस्पतालों में कोरोना के मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त व्यवस्था रखी गई है, बड़ी संख्या में मरीज ठीक हो कर घर भी पहुँचे हैं। शासन के प्रयासों से ही इस पर प्रभावी नियंत्रण कायम होता दिख रहा है।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- मैंटल कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। यह पृथ्वी के व्यास का लगभग आधा (2900 किलोमीर), आयतन का 83 प्रतिशत और द्रव्यमान का 67 प्रतिशत है। ऊपरी परतों की गति का निर्धारण जिस गतिशील प्रक्रिया से होता है, उसका संचालन इस मैंटल के द्वारा होता है। पृथ्वी की ऊपरी सतह के नीचे 45 से 56 किलोमीटर तक की औसत गहराई से शुरू कर मैंटल 2900 किलोमीटर की गहराई तक फैला है, जहाँ यह बाहरी क्रोड से मिलता है। मैंटल लाल गरम चट्टान का खोल है और पृथ्वी की धातु संबंधी और अंशतः गलित क्रोड (आन्तरिक और बाहरी दोनों क्रोडों) को पृथ्वी की परतों की ठंडी चट्टानों से अलग करता है। मैग्नेशियम और लौह धातुओं से समृद्ध मिलिकेट धातुओं से यह मैंटल बना है। बाहरी क्रोड के पास मैंटल का घनत्व 3.5 ग्राम प्रति घन सेंटीमीटर से लेकर 5.5 ग्राम तक गहराई के अनुसार बढ़ता है। मैंटल का ऊपरी हिस्सा जो लगभग 250 किलोमीटर मोटा है, एस्थिनोस्फेयर कहलाता है। यहाँ चट्टानें आंशिक रूप से पिघली हुई होती हैं और धातु-कर्बों के बीच द्रव की एक पतली सिल्ली होती है। नीचे के मैंटल के लाल गर्म होने और ऊपरी मैंटल (एस्थिनोस्फेयर) के आंशिक गलित रूप दोनों के मिलने से पूरा मैंटल लचीला बन जाता है। इस लचीलेपन के ऊपर पृथ्वी की ऊपरी सतह (महाद्वीप और महासागर समेत) लिथोस्फेयर टिका है। लिथोस्फेयर, एस्थिनोस्फेयर से इस बात में भिन्न है कि यह अपेक्षाकृत ठंडा और अधिक कड़ा है।



- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस | 12 जून

बाल श्रम निषेध के लिये विधिक उपाय ही नहीं, जन जागरूकता भी जरूरी

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

बाल श्रम की समस्या विश्व के अधिकांश देशों में एक चुनौती बनती जा रही है। विभिन्न देशों द्वारा बाल श्रम पर प्रतिबंध और उसके निषेध के लिये समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। बाल श्रम निषेध के लिये जन जागरुकता अभियान के साथ-साथ विधिक उपाय भी किये जा रहे हैं। इसी क्रम में दुनिया भर में बाल श्रम के निषेध के लिये हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है। बाल श्रम को काबू में लाने के लिये विभिन्न देशों द्वारा प्रयास किये जाने के बाद भी इस स्थिति में अपेक्षित सुधार न होना चिंतनीय है और इस दिशा में इस दिन व्यापक विमर्श के पश्चात ऐसे उपाय किये जाते हैं, जिससे इस समस्या की जड़ पर प्रहार की राह बने।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर बाल श्रम की स्थिति पर होता है विमर्श

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस की शुरुआत अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा वर्ष 2002 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य बाल श्रम की वैश्विक समस्या पर ध्यान केंद्रित करना और बाल श्रम को पूरी तरह से खत्म करने के लिये आवश्यक प्रयास करना था। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को पूरी तरह समाप्त करने में हम अभी बहुत पीछे हैं। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट - 'बाल श्रम के वैश्विक अनुमान : परिणाम और रुझान, 2012-2016' में कहा गया है कि पाँच और सत्रह वर्ष की उम्र के बीच 152 मिलियन बच्चों को अवांछनीय परिस्थितियों में श्रम करने को मजबूर किया जा रहा है। संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में बाल श्रम में शामिल 152 मिलियन बच्चों में से 73 मिलियन बच्चे खतरनाक किस्म के काम करते हैं। ऐसे खतरनाक श्रम में हाथों से सफाई, निर्माण में जुटे कल-कारखानों में काम, कृषि में बड़े मजदूरों के समकक्ष काम, खदानों में काम, भवन निर्माण के काम, फेरी लगाकर उपभोक्ता सामग्री बेचने का काम और घरेलू नौकर के रूप में काम करना शामिल है। इस तरह के श्रम बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और नैतिक विकास को खतरे में डालते हैं। इतना ही नहीं, इसके कारण बच्चे सामान्य बचपन और उचित शिक्षा से भी वंचित रह जाते हैं। खतरनाक बाल श्रम के कारण दुनिया भर में 45 मिलियन लड़के और 28 मिलियन लड़कियाँ प्रभावित हैं। हाल के वर्षों में, खतरनाक श्रम में शामिल पाँच से ग्यारह वर्ष की आयु के बच्चों की संख्या बढ़कर 19 मिलियन हो गई है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्राप्त आँकड़ों के अनुसार, पन्द्रह से चौबीस वर्ष आयु समूह वाले 541 मिलियन युवा श्रमिकों में से 37 मिलियन बच्चे वे हैं जो खतरनाक बाल श्रम करते हैं। यह विश्व के कुल श्रमिक क्षमता का 15 प्रतिशत है। इन श्रमिकों को कार्य करने के दौरान अन्य श्रमिकों की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक घातक चोटें लगती हैं।

'सेव द चिल्ड्रेन' रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के आधे से अधिक बच्चों को गरीबी, संघर्ष और लड़कियों के खिलाफ भेदभाव का खतरा है। ये बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं यहाँ तक कि स्वास्थ्य देखभाल तथा भोजन जैसी मूलभूत आवश्यकताओं से भी वंचित रहते हैं। इन बच्चों से उनकी मासूमियत छीन ली

गई है और उनका बचपन एवं भविष्य जिसका उन्हें हक़ है वह भी छीन लिया गया है।

एक अभिशाप और आगामी पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ है बाल श्रम

बाल श्रम आमतौर पर मज़दूरी के भुगतान के बिना या भुगतान के साथ बच्चों से शारीरिक कार्य कराना है। बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, यह एक वैश्विक समस्या है। यूनीसेफ के अनुसार, बच्चों को काम पर इसलिये रखा जाता है, क्योंकि उनका आसानी से शोषण किया जा सकता है। बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना, बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता-पिता (वे अपने बच्चों को स्कूल की बजाय काम पर भेजने के इच्छुक होते हैं, ताकि परिवार की आय बढ़ सके) भी कुछ अन्य कारण हैं।

भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है, लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। गरीब बच्चे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मज़दूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिये अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या है।

भारतीय संविधान में बाल श्रम निषेध के हैं विधिक प्रावधान

संवैधानिक व्यवस्था के अनुरूप भारत का संविधान मौलिक अधिकारों और राज्य के नीति-निर्देशक सिद्धांतों की विभिन्न धाराओं के माध्यम से कहता है कि चौदह साल के कम उम्र का कोई भी बच्चा किसी फैक्टरी या खदान में काम करने के लिये नियुक्त नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य खतरनाक नियोजन में नियुक्त किया जाएगा। इसी प्रकार राज्य अपनी नीतियाँ इस तरह निर्धारित करेंगे कि श्रमिकों, पुरुषों और महिलाओं का स्वास्थ्य तथा उनकी क्षमता सुरक्षित रह सके तथा बच्चों की कम उम्र का शोषण न हो एवं आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये वे अपनी उम्र व शक्ति के प्रतिकूल काम न करें। बच्चों को स्वस्थ तरीके से स्वतंत्र व सम्मानजनक स्थिति में विकास के अवसर तथा सुविधाएँ दी जायेंगी और बचपन व जवानी को नैतिक व भौतिक दुरुपयोग से बचाया जाएगा। संविधान लागू होने के 10 साल के भीतर राज्य 14 वर्ष तक की उम्र के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रयास करेंगे। बाल श्रम एक ऐसा विषय रहेगा जिस पर संघीय व राज्य सरकारें, कानून बना सकेंगी। गोया हमारे संविधान में बाल श्रम निषेध की समुचित व्यवस्था है जरूरत है उस पर प्रभावी अमल की।

बाल श्रम निषेध के लिये उठाये गये महत्वपूर्ण कदम

भारत में केन्द्र सरकार द्वारा बाल श्रम निषेध के लिये कई महत्वपूर्ण विधिक कदम उठाये गये हैं। इनमें सबसे प्रमुख है- बाल श्रम (निषेध व नियमन) कानून 1986 का पारित किया जाना। यह कानून चौदह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी अवैध पेशे और सत्तावन प्रक्रियाओं में, जिन्हें बच्चों के जीवन और स्वास्थ्य के लिये अहितकर माना गया है उनमें नियोजन को निषिद्ध बनाता है। इन पेशों और प्रक्रियाओं का उल्लेख कानून की अनुसूची में किया गया है। इधर कारखाना अधिनियम, 1948 में भी बाल श्रम निषेध के प्रावधान हैं। यह कानून 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन को निषिद्ध करता है। इस कानून में पन्द्रह से अट्ठारह वर्ष तक के किशोर किसी फैक्टरी में तभी नियुक्त किये जा सकते हैं, जब उनके पास किसी अधिकृत चिकित्सक का फिटनेस प्रमाण पत्र हो। इस कानून में इस आयु के बच्चों के लिये हर दिन साढ़े चार घंटे की कार्यावधि तय की गई है और उनके रात में काम करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। भारत में बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई में महत्त्वपूर्ण न्यायिक हस्तक्षेप 1996 में उच्चतम न्यायालय के उस फैसले से आया, जिसमें संघीय और राज्य सरकारों को खतरनाक प्रक्रियाओं और पेशों में काम करने वाले बच्चों की पहचान करने, उन्हें काम से हटाने और गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है। न्यायालय ने यह आदेश भी दिया था कि एक बाल श्रम पुनर्वास सह कल्याण कोष की स्थापना की जाए, जिसमें बाल श्रम कानून का उल्लंघन करने वाले नियोक्ताओं के अंशदान का उपयोग हो।

बाल श्रम की समस्या के हल के लिये सभी स्तर पर कोशिश जरूरी है

बाल श्रम की समस्या के मूलभूत कारणों पर यदि हम विचार करें तो समस्या का मुख्य कारण निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक भुखमरी रहेगी तथा नागरिक शिक्षित नहीं होंगे तब तक इस प्रकार की समस्याओं का निदान नहीं हो पायेगा। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिये प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक है। यह आवश्यक है कि देश में कुछ विशिष्ट योजनाएँ बनाई जाएँ तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए, जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मज़बूत हो सके और उन्हें अपने बच्चों को श्रम के लिये विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त-से-सख्त निर्देशों की आवश्यकता है जिससे बाल-श्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होना चाहिये तथा इसके विरोध में सदैव आगे आना चाहिये। बाल श्रम की समस्या के निदान के लिये सामाजिक क्रांति आवश्यक है, ताकि लोग अपने निहित स्वार्थों के लिये देश के इन भावी निर्माताओं व कर्णधारों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह न लगा सकें।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
गैस राहत संभाग क्रमांक 1, राजधानी परियोजना प्रशासन, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
दूरभाष क्रमांक 0755-2463299, eegasrahat@mp.gov.in

क्रमांक 1169/व.ले.लि./गै.रा.-1/2020 **भोपाल, दिनांक 03.06.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दो लिफाफा प्रणाली से ऑनलाइन प्रतिशत दर अनुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण **Website : http://mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है -

क्र.	सिस्टम टेण्डर नम्बर	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित राशि (रुपये में)	धरोहर राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में)	ठेकेदार की श्रेणी	समयावधि
1.	2020_CPA_91175_1	106/बलेलि/द्वितीय आमंत्रण/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में सिविल वॉटर सप्लाई सेनेट्री वार्षिक रखरखाव कार्य।	373666/-	7473/-	2000/-	केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत	11 माह
2.	2020_CPA_91201_1	107/बलेलि/द्वितीय आमंत्रण/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	इंदिरा गाँधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय गैस राहत, भोपाल में स्थापित फायर हायड्रेन्ट सिस्टम का वार्षिक संचालन एवं रखरखाव कार्य।	1204141/-	24083/-	2000/-	केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत	12 माह
3.	2020_CPA_91207_1	108/बलेलि/द्वितीय आमंत्रण/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	इंदिरा गाँधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय गैस राहत, भोपाल में स्थापित दो नग थाईसन लिफ्टों का रखरखाव कार्य।	256242/-	5125/-	2000/-	-तदैव-	12 माह
4.	2020_CPA_91213_1	109/बलेलि/द्वितीय आमंत्रण/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में दो नग थाईसन लिफ्टों का वार्षिक रखरखाव कार्य।	207452/-	4149/-	2000/-	-तदैव-	12 माह
5.	2020_CPA_91215_1	110/बलेलि/द्वितीय आमंत्रण/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	आर.टी.ओ. भवन कोकता भोपाल में 8 यात्री लिफ्ट का प्रदाय कर लगाने का कार्य।	1903500/-	38070/-	2000/-	-तदैव-	04 माह
6.	2020_CPA_91226_1	111/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	विभिन्न गैस राहत चिकित्सालयों में वार्षिक रखरखाव का कार्य।	791390/-	15828/-	2000/-	-तदैव-	12 माह
7.	2020_CPA_91254_1	112/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	मास्टर लाल सिंह चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में सबमर्शिबल वॉटर पम्प का प्रदाय कर लगाने का कार्य।	150314/-	3006/-	1000/-	-तदैव-	15 Days
8.	2020_CPA_91262_1	113/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कुशाभाऊ ठाकरे चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में एल्युमीनियम के खिड़की दरवाजे बदलने एवं मच्छरजाली लगाने का कार्य।	247190/-	4944/-	2000/-	केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत	03 माह
9.	2020_CPA_91319_1	114/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	खान शाकिर अली खान चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में एल्युमीनियम खिड़की दरवाजे बदलने एवं टूटे हुए कॉच लगाने का कार्य।	262267/-	5245/-	2000/-	-तदैव-	06 माह
10.	2020_CPA_91324_1	115/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	माँ कर्मा देवी एवं कुशाभाऊ ठाकरे चिकित्सालय में सेनेट्री एवं वॉटर सप्लाई का रखरखाव का कार्य।	265159/-	5303/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
11.	2020_CPA_91339_1	116/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्साल हमीदिया विंग गैस राहत भोपाल में एल्युमीनियम खिड़की दरवाजे बदलने का कार्य।	252062/-	5041/-	2000/-	-तदैव-	06 माह
12.	2020_CPA_91354_1	117/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय हमीदिया विंग में सिविल स्ट्रक्चर एवं छत आदि का वॉटर प्रूफिंग का कार्य।	496685/-	9934/-	2000/-	-तदैव-	06 माह
13.	2020_CPA_91363_1	118/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय हमीदिया विंग भोपाल में मेन होल डक्ट, सर्विस लाईन आदि का सफाई एवं सुधार कार्य।	662689/-	13254/-	2000/-	-तदैव-	06 माह
14.	2020_CPA_91370_1	119/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	पी.एम.सी. एवं के.एन. प्रधान चिकित्सालय में सिविल वॉटर सेनेट्री का वार्षिक रखरखाव का कार्य।	462272/-	9245/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
15.	2020_CPA_91417_1	120/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	पी.एम.सी. चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में स्टील के खिड़की दरवाजे सुधारने का कार्य।	213528/-	4271/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
16.	2020_CPA_91426_1	121/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	पी.एम.सी. चिकित्सालय एवं मालीखेड़ी चिकित्सालय, गैस राहत भोपाल में क्लीनिंग एवं पॉलीशिंग का कार्य।	316220/-	6324/-	2000/-	-तदैव-	04 माह
17.	2020_CPA_91429_1	122/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	संचालक, गैस राहत एवं एल.वी.एस. चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में सिविल टॉवर एवं सेनेट्री का रखरखाव कार्य।	349675/-	6994/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
18.	2020_CPA_91437_1	123/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत विंग में एल्युमीनियम खिड़की दरवाजे सुधारने का कार्य।	299095/-	5982/-	2000/-	-तदैव-	06 माह
19.	2020_CPA_91444_1	124/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत विंग भोपाल में विभिन्न तलों पर पुरुष एवं महिला शौचालयों का सुधार कार्य।	631071/-	12621/-	2000/-	-तदैव-	04 माह
20.	2020_CPA_91448_1	125/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में आधार तल से षष्टम तल तक ग्राईंडिंग एवं पॉलिशिंग का कार्य।	250110/-	5002/-	2000/-	-तदैव-	04 माह
21.	2020_CPA_91449_1	126/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में ओवरहेड एवं सम्पवेल वॉटर टैंक की सफाई का कार्य।	247200/-	4944/-	2000/-	-तदैव-	12 माह
22.	2020_CPA_91452_1	127/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत विंग भोपाल में आधार तल से षष्टम तल तक पुरानी क्षतिग्रस्त सिलिंग का सुधार कार्य।	245700/-	4914/-	2000/-	-तदैव-	06 माह
23.	2020_CPA_91504_1	128/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत विंग भोपाल में सिविल वॉटर सेनेट्री का रखरखाव कार्य।	647008/-	12940/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
24.	2020_CPA_91520_1	129/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत विंग भोपाल में मेन होल डक्ट सर्विस लाईन का सफाई एवं सुधार कार्य।	688963/-	13779/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
25.	2020_CPA_91527_1	130/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	पी.एम.सी. चिकित्सालय एवं संचालक, गैस राहत कार्यालय भोपाल में एल्युमीनियम के खिड़की दरवाजे सुधारने का कार्य।	215337/-	4307/-	2000/-	-तदैव-	03 माह
26.	2020_CPA_91538_1	131/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय गैस राहत विंग भोपाल में सिविल स्ट्रक्चर छत आदि का वॉटर प्रूफिंग का कार्य।	499336/-	9987/-	2000/-	-तदैव-	06 माह
27.	2020_CPA_91542_1	132/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	पी.एम.सी. चिकित्सालय एवं एल.वी.एस. चिकित्सालय मालीखेड़ी भोपाल में सिविल स्ट्रक्चर, छत आदि का वॉटर प्रूफिंग का कार्य।	600001/-	12000/-	2000/-	-तदैव-	06 माह
28.	2020_CPA_91585_1	133/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	सद्गुरु काम्पलेक्स, फिरोज गाँधी कॉम्पलेक्स, हँसा कॉम्पलेक्स, कवीरा अपार्टमेंट, गौतम नगर भोपाल एवं इंदिरा गाँधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय गैस राहत भोपाल परिसर स्थित आवासों का वार्षिक रखरखाव का कार्य।	499606/-	9992/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
29.	2020_CPA_91595_1	134/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	इंदिरा गाँधी महिला एवं बाल्य चिकित्सालय गैस राहत एवं विभिन्न डिस्पेंसिरियों में सिविल वॉटर सप्लाई का वार्षिक रखरखाव का कार्य।	667288/-	13346/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
30.	2020_CPA_91603_1	135/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	मास्टर लाल सिंह चिकित्सालय गैस राहत भोपाल में पुरानी क्षतिग्रस्त सिवर लाईन बदलने का कार्य।	532650/-	10653/-	2000/-	-तदैव-	02 माह
31.	2020_CPA_91608_1	136/बलेलि/गै.रा.-1/भोपाल, दिनांक 26.05.2020	कमला नेहरू चिकित्सालय हमीदिया विंग गैस राहत भोपाल में सिविल वॉटर सप्लाई एवं सेनेट्री का वार्षिक रखरखाव कार्य।	645924/-	12918/-	2000/-	-तदैव-	11 माह
			कुल योग राशि रुपये	**15083741/-**				

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. **Website : http://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन 01.06.2020 10.30 से 16.06.2020 17.30 सायं बजे तक क्रय किए जा सकते हैं। 3. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेविट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं धरोहर राशि में छूट का प्रावधान नहीं है। 4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं। 5. निविदा से संबंधित लिफाफे समस्त प्रपत्रों सहित दिनांक 17.06.2020 सायं 7.00 बजे तक कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं। भौतिक दस्तावेज प्राप्त न होने की दशा में कोई विचार नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, गैस राहत संभाग क्रमांक 1
राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल, फोन नंबर - 0755-2463299

जी-11721/43967/2020

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056
E-mail ID : eeemdv2bargidam@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्न कार्य की ऑनलाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

निविदा क्र.	ई निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. राशि (रु. में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदाकार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
14/तक. 2020-21 दिनांक 26.05.2020	2020_NVDA_ 91038_1	रा.अ.वा.लो.सा. परि. बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 120.650 किमी. पर लगे हेड, क्रास रेगुलेटर गेट्स एवं स्ट्रक्चर में पेंटिंग का कार्य एवं हाइस्ट स्ट्रक्चर में रेलिंग का सुधार कार्य।	2,54,946/- (रुपये दो लाख चौवन हजार नौ सौ छियालीस) मात्र	5099/- (रु. पांच हजार निन्यानव्वे) मात्र	2000/- (रु. दो हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत	180 दिन (अनुबंध की तिथि से)
15/तक. 2020-21 दिनांक 26.05.2020	2020_NVDA_ 91061_1	रा.अ.वा.लो.सा. परि. बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 102.02 किमी. पर लगे हेड, क्रास रेगुलेटर गेट्स एवं स्ट्रक्चर में पेंटिंग का कार्य एवं हाइस्ट स्ट्रक्चर में रेलिंग का सुधार कार्य।	1,66,539/- (रुपये एक लाख छयासठ हजार पाँच सौ उनतालीस) मात्र	3331/- (रु. तीन हजार तीन सौ इकतीस) मात्र	1000/- (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत	180 दिन (अनुबंध की तिथि से)
16/तक. 2020-21 दिनांक 26.05.2020	2020_NVDA_ 91070_1	रानी अवंतीबाई परियोजना बांयी तट नहर की मचवारा वितरण नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर.डी. 7.90 कि.मी. एवं मल्लह पिपरिया माइनर की आर.डी. 0.21 कि.मी. एवं आर.डी. 1.50 कि.मी. पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य।	74,678/- (रुपये चौहत्तर हजार छः सौ अठहत्तर) मात्र	1494/- (रु. एक हजार चार सौ चौरानवे) मात्र	1000/- (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत	30 दिन (अनुबंध की तिथि से)
17/तक. 2020-21 दिनांक 26.05.2020	2020_NVDA_ 91078_1	पम्प हाउस क्र. 2 बस स्टैंड तिराहा बरगीनगर से नवोदय विद्यालय तक नर्मदा जल प्रदाय हेतु 1½ डाया एच.डी.पी.ई. रोल्ड पाइप लाइन का प्रदाय एवं बिछाने का कार्य।	90,644/- (रुपये नब्बे हजार छः सौ चवालीस) मात्र	1813/- (रु. एक हजार आठ सौ तेरह) मात्र	1000/- (रु. एक हजार) मात्र	प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में 'सी' एवं ऊपर की श्रेणी में पंजीकृत	30 दिन (अनुबंध की तिथि से)

निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि : **15.06.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)**
प्राइज बिड जमा करने की अंतिम तिथि : 15.06.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 17.06.2020, 10.30 से 17.06.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)
प्राइज बिड खुलने की तिथि : 17.06.2020, 10.31 से 17.06.2020, 17.30 तक (केवल ऑनलाइन)

निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑनलाइन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन करें।

कार्यपालन यंत्री
जी-11620/43959/2020 नर्मदा विकास (वि./यां.) संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)

कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)
सिटी कोतवाली के बगल में, फोर्ट रोड, रीवा (म.प्र.) पिन-486001
E-mail : disttayushofficerrewa78@gmail.com, Phone No. 07662-256189

निविदा विज्ञप्ति वर्ष 2020-21

कार्यालय जिला आयुष अधिकारी रीवा में राज्य पेंशनरों हेतु शास्त्रोक्त औषधियां क्रय करने हेतु निविदा -
1. निविदा शर्तों एवं निविदा प्रारूप तय करने की अंतिम तिथि 03.06.2020 दोपहर 12.00 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 08.06.2020** दोपहर 12.00 बजे तक।
3. निविदा खुलने की तिथि 09.06.2020 दोपहर 01 बजे तक।

कार्यालय जिला आयुष अधिकारी रीवा में राज्य के पेंशनरों की चिकित्सा हेतु शास्त्रोक्त औषधियां आयुर्वेद/होम्यो औषधि क्रय करने हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रारूप एवं शर्तें कार्यालयीन दिवसों में चालान रुपये 1000/- जमा कर प्राप्त किया जायेगा।
सीलबंद निविदाएं निर्धारित तिथि एवं समय पर कार्यालय जिला आयुष अधिकारी रीवा के कक्ष में संबंधित फर्मों के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर औषधि प्रदाय हेतु निविदा 2020-21 लिखना अनिवार्य है। निविदा के साथ धरोहर राशि रुपये 5000/- का बैंक ड्राफ्ट जिला आयुष अधिकारी के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है। ड्राफ्ट के अभाव में निविदा पर विचार किया जाना संभव नहीं है। डाक से निविदा मंगाने पर रुपये 50/- पृथक से देय होगा।

जिला आयुष अधिकारी
जी-11586/43957/2020 जिला रीवा (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 02/वर्ष 2020-21/कार्य.यं. **नरसिंहपुर, दिनांक : 29.05.2020**
(स) पह्लवों (द) तुर्क
उत्तर (अ) यूनानी

29. कलिंग के प्रतापी शासक 'खारवेल' का संबंध किस वंश से है?
(अ) चौहान (ब) होयसल
(स) गढ़वाल (द) चेदि
उत्तर (द) चेदि

30. किस ग्रंथ में चंद्रगुप्त को 'वृषल एवं कुलहीन' कहा गया है?
(अ) इण्डिका (ब) अर्थशास्त्र
(स) मच्छकटिकम (द) मुद्राराक्षस
उत्तर (द) मुद्राराक्षस

31. किस हड़प्पा कालीन स्थल में त्रिस्तरीय दुर्ग संरचना थी?
(अ) कालीबंगा (ब) लौथल
(स) धौलावीरा (द) बनावली
उत्तर (स) धौलावीरा

32. किस उपनिषद् में 'चारों आश्रमों' का वर्णन किया गया है?
(अ) जाबालोपनिषद्
(ब) छांदोग्योपनिषद्
(स) कठोपनिषद्
(द) मुण्डकोपनिषद्
उत्तर (अ) जाबालोपनिषद्

33. जैन धर्म के किस ग्रंथ की रचना संस्कृत भाषा में की गयी है?
(अ) क्षौतसूत्र (ब) कल्पसूत्र
(स) आचारांगसूत्र (द) परिशिष्टपर्व
उत्तर (ब) कल्पसूत्र

34. अशोक के मानसेहरा एवं शाहबाजगढ़ी शिलालेख में कौन सी लिपि प्रयुक्त की गयी थी?
(अ) ग्रीक (ब) अरमाइक
(स) ब्राम्ही (द) खरोष्ठी
उत्तर (द) खरोष्ठी

35. जैन धर्म के द्वितीय सम्मेलन की अध्यक्षता किसने की थी?
(अ) आर्य स्कंदिल
(ब) देवर्धि क्षमाश्रवण
(स) स्थूलभद्र
(द) भद्रबाहु
उत्तर (अ) आर्य स्कंदिल

36. लघुजातक एवं व्रहत्जातक नामक कृति के लेखक कौन हैं?
(अ) वराहमिहिर (ब) आर्यभट्ट
(स) हर्ष (द) भारवि
उत्तर (अ) वराहमिहिर

37. 'आर्यमंजूश्रीमूलकल्प' नामक ग्रंथ का संबंध किस संप्रदाय से है?
(अ) जैन (ब) बौद्ध
(स) शैव (द) वैष्णव
उत्तर (ब) बौद्ध

38. बाघ की गुफाओं के चित्रों का संबंध किस काल से है?
(अ) मौर्य (ब) कुषाण
(स) चोल (द) गुप्त
उत्तर (द) गुप्त

39. सुलेमान नामक विदेशी यात्री किस तत्कालीन शासक के काल में भारत आया था?
(अ) महिपाल (ब) स्कंदगुप्त
(स) हर्षवर्द्धन (द) मिहिरभोज
उत्तर (द) मिहिरभोज

40. पहिए का आविष्कार किस काल में किया गया था?
(अ) पुरापाषाण काल
(ब) मध्यपाषाण काल
(स) नवपाषाण काल
(द) ताम्रपाषाण
उत्तर (स) नवपाषाण काल

41. किस हड़प्पा कालीन स्थल में युग्म शवाधान प्राप्त हुये थे?
(अ) कालीबंगा (ब) बुर्जहोम
(स) धौलावीरा (द) लौथल
उत्तर (द) लौथल

42. ऋग्वैदिक काल में तक्षण नामक शब्द का उपयोग किसके लिए किया गया था?
(अ) बढ़ई (ब) सूदखोर
(स) जुलाहा (द) स्वर्णकार
उत्तर (अ) बढ़ई

43. असतो मा सद्गमय किस वेद से लिया गया है?
(अ) ऋग्वेद (ब) सामवेद
(स) यजुर्वेद (द) अथर्ववेद
उत्तर (अ) ऋग्वेद

44. किस वेदांग को वेदों के मुँह की संज्ञा दी गई है?
(अ) शिक्षा (ब) कल्प
(स) व्याकरण (द) छंद
उत्तर (स) व्याकरण

45. 'पूर्व मीमांसा' दर्शन के प्रवर्तक कौन थे?
(अ) जैमनीय (ब) बादरायण
(स) कणाद (द) गौतम
उत्तर (अ) जैमनीय

46. रामायण को कितने काण्डों में विभक्त किया गया है?
(अ) सात (ब) आठ
(स) पाँच (द) छः
उत्तर (अ) सात

47. हड़प्पा कालीन स्थल 'लौथल' किस नदी के किनारे स्थित है?
(अ) सतलज (ब) सिंधु
(स) रावी (द) भोगवा
उत्तर (द) भोगवा

48. 'दशराज्ञ' युद्ध की चर्चा किस वेद में है?
(अ) ऋग्वेद (ब) सामवेद
(स) यजुर्वेद (द) अथर्ववेद
उत्तर (अ) ऋग्वेद

49. मिताक्षरा नामक ग्रंथ की रचना किसने की थी?
(अ) सोमदेव (ब) विज्ञानेश्वर
(स) बुधायन (द) अश्वघोष
उत्तर (ब) विज्ञानेश्वर

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करते हैं।)

मास्क बनाने के लिए 10 हजार महिला उद्यमियों ने करवाया पंजीयन

भोपाल, जीवन शक्ति योजना में अभी तक 10 हजार 12 महिला उद्यमियों ने पंजीयन करवाया है। इनके द्वारा 9 लाख 36 हजार से अधिक मास्क बनाये जा चुके हैं। अभी तक 2 लाख 21 हजार 649 मास्क बेचे जा चुके हैं। यह प्रक्रिया सतत जारी है। महिला उद्यमियों को 2 करोड़ से अधिक राशि के लगभग 20 लाख कपड़े के मास्क बनाने के आर्डर दिये गए हैं। अभी तक 8 लाख 65 हजार 609 मास्क के लिए 95 लाख 21 हजार 699 रुपये का भुगतान महिला उद्यमियों के खाते में किया जा चुका है। इन्हें प्रति मास्क 11 रुपये का भुगतान किया जाता है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना वायरस से बचाव के लिए नागरिकों को कम कीमत में मास्क उपलब्ध करवाने के लिए जीवन शक्ति योजना प्रारंभ की है। इससे शहरी महिला उद्यमियों को रोज़गार के अवसर भी मिल रहे हैं। जीवन शक्ति पोर्टल में शहरों की उद्यमी महिला पंजीयन करवाकर मास्क का निर्माण प्रारंभ कर सकती हैं। महिलाओं द्वारा निर्मित मास्क शासन द्वारा निर्धारित दर पर जिला स्तर पर खरीदे जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नम्बर 0755-2700880 पर सम्पर्क कर सकतें हैं।

जीवन शक्ति योजना में जिला इंदौर को एक लाख 65 हजार 480, भोपाल एक लाख 25 हजार 600, गुना एक लाख 7 हजार 600, जबलपुर 99 हजार 800, सतना 83 हजार, सागर 82 हजार, ग्वालियर 80 हजार 600, छतरपुर 58 हजार 200, उज्जैन 56 हजार 400, राजगढ़ 53 हजार, नीमच 46 हजार, रायसेन 45 हजार 600, सीहोर 45 हजार, रतलाम 44 हजार 400, टीकमगढ़ 44 हजार 400, विदिशा 42 हजार 800, रीवा 41 हजार 400, होशंगाबाद 41 हजार 200, शिवपुरी 39 हजार 400, खंडवा 36 हजार 400, छिन्दवाड़ा 35 हजार, मंदसौर 34 हजार 600, खरगोन 34 हजार 400, धार 33 हजार 800, सिवनी 33 हजार 200, नरसिंहपुर 30 हजार, दमोह 29 हजार 400, देवास 28 हजार 400, मुरैना 28 हजार 200, भिण्ड 28 हजार, अशोकनगर 27 हजार 600, बड़वानी 27 हजार, दतिया 25 हजार 400, बुरहानपुर 23 हजार 800, शहडोल 22 हजार 200, बैतूल 22 हजार, मंडला 18 हजार 200, शाजापुर 18 हजार, श्योपुर 18 हजार, उमरिया 18 हजार, सिंगरौली 17 हजार 200, कटनी 17 हजार, सीधी 14 हजार 600, बालाघाट 14 हजार 400, हरदा 11 हजार 800, डिंडोरी 11 हजार 400, आगरमालवा 10 हजार 200, अनूपपुर 10 हजार, झाबुआ 8 हजार, अलीराजपुर 7 हजार 400 और पन्ना जिले को 7 हजार मास्क बनवाने का आर्डर दिया गया है।

मत्स्य प्रजनन काल में मत्स्याखेट रहेगा निषेध

भोपाल, मध्यप्रदेश फिशरीज एक्ट के तहत् मत्स्य प्रजनन काल 16 जून से 15 अगस्त तक प्रदेश के निर्दिष्ट जलों, नदियों और जलाशयों पर मत्स्याखेट निषेध रहेगा। सचिव, मछली पालन श्री समर सिंह ने समस्त संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी किया है।

इस एक्ट के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्रोत, जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और निर्दिष्ट जल की श्रेणी में नहीं रखे गये हैं, के लिये उक्त नियम लागू नहीं होगा।

किसानों और मजदूरों को दी गई राशि से मिलेगा अर्थव्यवस्था को बल

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गेहूं उपार्जन की समीक्षा बैठक में कहा है कि संकट के इस दौर में किसानों और मजदूरों को विभिन्न कार्यों और योजनाओं का लाभ दिये जाने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को काफी बल मिलेगा। मध्यप्रदेश सरकार सभी वर्गों को राहत देने के लिये संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को गेहूं उपार्जन के किये गये भुगतान के अलावा फसल बीमा योजना की राशि के भुगतान, श्रमिकों को बड़ी संख्या में मनरेगा के कार्यों से जोड़ने, पंच परमेश्वर योजना के क्रियान्वयन और नगरों में 830 करोड़ रुपये के आवंटन के फलस्वरूप अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में मदद मिलेगी। प्रदेश में इस वर्ष किसानों ने कोरोना के संकट के बाद भी अपनी मेहनत से उगाए गेहूं की उपार्जन व्यवस्था का लाभ लिया। राज्य सरकार द्वारा की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं से उपार्जन कार्य में बहुत अच्छी सफलता मिली है। गेहूं का जो स्टॉक हुआ है, उसे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की नियमित क्षमता के हिसाब से अन्य राज्यों तक पहुंचाने में डेढ़-दो साल का समय लगेगा।

कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि प्रदेश में 124 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन 15 लाख 54 हजार किसानों से किया गया है। प्रदेश में 13 लाख 05 हजार किसानों को इसके लिये 17 हजार 457 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। इन किसानों में साढ़े 9 लाख छोटे और मध्यम श्रेणी के किसान शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि किसानों को उपार्जित गेहूं की राशि का भुगतान करने का कार्य भी पूरी तरह शीघ्र सम्पन्न किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया गया कि प्रदेश में 110 लाख 40 हजार मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन किया जा चुका है। यह उपार्जित गेहूं का 90 प्रतिशत है। एफसीआई के लिये भी यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। प्रदेश में हुये बम्पर गेहूं उत्पादन को अन्य जरूरतमंद राज्यों तक पहुंचाने के लिये पूरी व्यवस्था जमानी होगी। प्रमुख सचिव ने जानकारी दी कि प्रदेश में गेहूं के भंडारण की तुलना रेलवे रैक से करें तो 5 हजार रैक के बराबर गेहूं का भंडारण हुआ है। यह कुल 6 लाख 25 हजार ट्रक क्षमता के बराबर है।

ग्रामीण अंचलों में घर-घर पहुंची बैंक-सखियां

भोपाल, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (मध्यप्रदेश) के अंतर्गत ग्रामीण अंचल में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोज़गार-मूलक गतिविधियों से जोड़ा गया है। वर्तमान में प्रदेश में 2 लाख 87 हजार से अधिक स्व-सहायता समूहों से 32 लाख 27 हजार महिलाएं सदस्य के रूप में जुड़ी हैं। महिलाओं के इन समूहों को विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाते हुए, उनके द्वारा तैयार सामग्री के विक्रय के लिये बाजार भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। महिला स्व-सहायता समूह की 652 शिक्षित महिलाएं बैंक-सखी के रूप में भी कार्य कर रही हैं।

अपर मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित महिला स्व-सहायता समूह की शिक्षित महिलाओं को बैंक प्रणाली से जोड़ा गया। ऐसी शिक्षित महिलाओं को जरूरी प्रशिक्षण देकर उन्हें बैंक सखी के रूप में पहचान दी गई। इन सभी बैंक सखियों ने महिला सशक्तीकरण का बेजोड़ उदाहरण प्रस्तुत कर यह साबित कर दिया कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। ग्रामीणों द्वारा अपनी छोटी-छोटी बचत कर बैंक में जमा करने और समय-समय पर आवश्यकता पड़ने पर बैंक से अपनी बचत राशि निकाली जाती है। कोरोना संक्रमण के चलते अपनी बचत राशि की आवश्यकता होने और बैंक तक न पहुंचने की स्थिति में बैंक-सखियों की मदद से ग्रामीणों को बैंक में जमा राशि आसानी से घर बैठे ही मिल गई। लॉकडाउन अवधि में 652 बैंक-सखियों द्वारा बैंक खातेदारों के साथ 3 लाख 42 हजार बैंक ट्रांजेक्शन किये गये। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में 62 करोड़ 23 लाख रुपये की राशि संबंधित खातेदारों तक पहुंची।

मध्यान्ह भोजन योजना

मुख्यमंत्री ने एक क्लिक से जमा किए 146 करोड़ रुपये

बच्चों को मिली खाद्य सुरक्षा भत्ते की राशि

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मध्यान्ह भोजन योजना की मई तथा जून माह की राशि सिंगल क्लिक के जरिये ट्रांसफर करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यान्ह भोजन योजना की मई और जून महीने के 37 दिनों की 145.92 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से 66.27 लाख विद्यार्थियों के खातों में जमा की। पूर्व में मार्च और अप्रैल माह के 33 दिन की राशि 117.11 करोड़ रुपये जमा की जा चुकी है। इसके अलावा भोजन तैयार करने वाले रसोईयों को भी कुल 84 करोड़ की राशि का भुगतान दो किस्तों में किया गया है। कोरोना संकट की अवधि में कुल 347 करोड़ रुपये योजना के अंतर्गत जमा करवाए गये हैं। अवकाश की अवधि में पहली बार योजना का लाभ विद्यार्थियों को दिया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, कोरोना से बचाव के लिये अपनाए जा रहे उपायों और कॅरियर के संबंध में जानकारी ली।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की 1.13 लाख लक्षित शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं, अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसों तथा बाल श्रम परियोजना की शालाओं के बच्चों को मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत दोपहर में पका हुआ भोजन दिया जाता है। कोरोना संकट के कारण शालाओं में मध्यान्ह भोजन का वितरण करना संभव न था, इसलिये बच्चों को खाद्य सुरक्षा भत्ता देने का फैसला लिया गया। इस क्रम में गत 29 मार्च को बच्चों को 33 दिन की राशि 117.11 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। अब 37 दिन की राशि 145.92 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। इस तरह आगामी 13 जून तक के लिये छात्रों को खाद्य सुरक्षा भत्ते और रसोईयों को किये गये भुगतान को मिलाकर कुल 347 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है।

बच्चों के घरों तक पहुंच रहा है गेहूं, चावल

प्रदेश में प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययनरत 66.27 लाख बच्चों को 26 हजार 109 मीट्रिक टन गेहूं एवं चावल स्व-सहायता समूहों, रसोईयों, स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से घर-घर जाकर वितरित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। यह कार्य सम्पन्न होने के बाद द्वितीय चरण में 29 हजार 479 मीट्रिक टन गेहूं, चावल के वितरण की कार्यवाही भी प्रारंभ कर दी गई है।

कोरोना से बचाव के लिए सजग रहें बच्चे

मुख्यमंत्री ने योजना की राशि बच्चों के खाते में जमा करने के पश्चात 10 जिलों के बच्चों से बातचीत की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बच्चों से कहा कि उनके मामा का सभी भांजे-भांजियों को ढेर सारा आशीर्वाद है। स्कूल अभी बंद हैं। आप सभी के लिये राशन और खाद्य सुरक्षा भत्ते की व्यवस्था की गई है। कोरोना के संकट में किसी को परेशानी न हो इसलिये गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों को पहले तीन माह और बाद में दो माह का राशन दिया गया। बिना राशन कार्ड वालों को भी इसका फायदा दिया गया। आप सभी अपनी पढ़ाई करते रहें। जब भी स्कूल शुरू होंगे, आप सभी को किताबें और यूनिफार्म प्रदान की जाएंगी। संबल योजना के विद्यार्थियों के लिये भी सरकार व्यवस्था करेगी। फीस के साथ ही अन्य सुविधाएं भी दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए दो गज की दूरी, मास्क बांधने और अन्य सावधानियों का पूरा पालन जरूर करें। यह कोरोना समाप्त हो जाएगा, आप सभी स्वस्थ रहने के लिए बचाव पर ध्यान दें। इससे डरना नहीं है, लेकिन लापरवाही भी नहीं करनी है। सब मिलकर कोरोना को हराएंगे। श्री चौहान ने कहा कि बच्चे बेहतर भविष्य बनाएं, माता-पिता का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री ने बच्चों को बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी किस तरह राष्ट्र के हित में निरंतर महत्वपूर्ण फैसले लेते रहे हैं।

बच्चों ने बताए भविष्य के सपने

देवास जिले की कु. उत्तरांशी ने कहा कि वो मेहनत से पढ़ने का इरादा रखती हैं। अब स्कूल खुलना चाहिए। डिण्डौरी के सौरभ ने बताया कि लॉकडाउन की अवधि में उसने पढ़ाई भी की और खेती-किसानी के काम में भी समय दिया। सौरभ इंजीनियर बनना चाहता है। गुना के अनुज ने बताया कि उसने आठवीं के साथ नौवीं की किताबें भी पढ़ लीं।

एलोपैथी न होम्योपैथी सबसे कारगर है सिम्पैथी-स्वास्थ्य मंत्री

भोपाल, चिरायु अस्पताल में कोरोना संक्रमित 108 मरीजों के स्वस्थ होने और घर रवानगी पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने अपेक्षा जताई कि वे सभी समाज के लिये मिसाल बनेंगे। कोरोना को हराने में वे मार्गदर्शन करेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि न एलोपैथी न होम्योपैथी सबसे अधिक कारगर है सिम्पैथी। उन्होंने कहा कि कोरोना से डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। आवश्यकता है सावधानी रखने की और कोरोना चक्र को तोड़ने की। उन्होंने चिरायु अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ सहित सभी कोरोना योद्धाओं की सराहना की। डॉ. मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त की कि चिरायु अस्पताल एक हजार से अधिक मरीजों को स्वस्थ कर सकुशल घर भेजने वाला देश का प्रथम अस्पताल बन गया है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि कोरोना असाध्य बीमारी नहीं है। हम सावधानी रखकर इसे आसानी से हरा सकते हैं। हमें कोरोना के मरीजों के उपचार के साथ ध्यान देने, उन्हें आराम देने और प्यार देने की जरूरत है। सबसे सरल और आसान उपाय अपनापन और प्यार के साथ बीमारी का उपचार करना है। कोरोना स्वयं कोई मारक रोग नहीं है। यह घातक तब हो जाता है, जब मरीज किसी अन्य बीमारी से भी ग्रसित हो। उन्होंने कोरोना पीड़ितों से अपने आत्मबल को मजबूत बनाने की अपील की, जिससे कोरोना को आसानी से हराया जा सके। डॉ. मिश्रा ने चिरायु अस्पताल के सीएमडी डॉ. अजय गोयनका की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि आज देश में ऐसा कोई अस्पताल नहीं है जहाँ इतनी अधिक संख्या में मरीजों के भर्ती होने के बाद एक प्रतिशत से भी कम की मृत्यु दर दर्ज की गई हो। उन्होंने कहा कि यह डॉ. गोयनका और उनकी टीम के निरंतर अथक परिश्रम का प्रतिफल है।



लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा भोपाल स्थित चिरायु अस्पताल में कोरोना संक्रमण से मुक्त होने वाले मरीजों को संबोधित करते हुये।

भारतीय संस्कृति से टूटेगा कोरोना का चक्र

डॉ. मिश्रा ने कहा कि स्वयं खाना प्रकृति है, छीनकर खाना विकृति है, भूखे रहकर दूसरों को खिलाना हमारी संस्कृति है। कोरोना संक्रमण के दौरान जिस प्रकार से लोगों ने अपनी सेवाएं दी हैं वह अकल्पनीय है। सभी ने हर स्तर पर हर संभव मदद की है। भारतीय संस्कृति से ही हम कोरोना को हराने में सफल हुए हैं। तुलसी की चाय हो या काली मिर्च का काढ़ा रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का कारगर उपाय है।

स्कूल शिक्षा विभाग के ई-बुलेटिन 'अब पढ़ाई नहीं रुकेगी' का विमोचन

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग के ई-बुलेटिन 'अब पढ़ाई नहीं रुकेगी' का भोपाल स्थित मंत्रालय में प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने विमोचन किया। प्रमुख सचिव ने कहा कि इस ई-बुलेटिन के माध्यम से अब विभागीय कार्य वैश्विक पटल पर प्रदर्शित होंगे एवं इन कार्यों के संपादन में जुटे हुए मैदानी सहयोगियों का उत्साहवर्द्धन होगा।

आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र श्री लोकेश जाटव ने बताया कि इस ई-बुलेटिन को कोरोना संकटकाल में शैक्षिक गतिविधि विशेषांक के रूप में तैयार किया गया है। विभाग द्वारा माह अप्रैल एवं मई में संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं की समाचार स्वरूप जानकारियों के साथ उनसे संबंधित वीडियो, फोटो एवं अन्य जानकारियों के डिजिटल लिंक भी संबंधित खबर के साथ होंगे। जिनके माध्यम से समाचार से संबंधित विस्तृत विवरण देखा एवं पढ़ा जा सकता है। ई-बुलेटिन को मोबाइल या कम्प्यूटर के माध्यम से इंटरनेट गूगल सर्च पर http://bit.ly/2U2pL5u क्लिक कर देखा-पढ़ा जा सकता है।

प्रदेश में 20 समूह नल-जल योजनाओं से 2 हजार 659 ग्रामों में मिलेगा पेयजल

भोपाल, मध्यप्रदेश की एक लाख 28 हजार 231 ग्रामीण बसाहटों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा सुनियोजित कार्यवाही की जा रही है। इस वित्तीय वर्ष में 20 योजनाओं को पूर्ण कर 2659 ग्रामों में पेयजल प्रदाय किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एक लाख 8 हजार 393 बसाहटों में 55 लीटर और शेष ग्रामीण बसाहटों में भी 40 से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मान से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। इन बसाहटों में जल प्रदाय 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक बढ़ाने के लिए योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

प्रदेश के 16 जिलों के 802 ग्रामों में 19 समूह जल प्रदाय योजना पूर्ण की जाकर तकरीबन 11 लाख से अधिक जनसंख्या को घरेलू नल कनेक्शन द्वारा जल प्रदाय प्रारंभ करा दिया गया है। इसके अलावा 3 जिले के 114 ग्रामों में 3 समूह जल प्रदाय योजनाओं से आंशिक रूप से जल प्रदाय प्रारंभ कराया गया है। साथ ही 24 जिलों के 5977 ग्रामों में 36 समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन प्रगति पर है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा

लॉकडाउन खुलने का मतलब असावधानी नहीं - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना महामारी की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, लॉकडाउन खुलने का मतलब असावधानी नहीं है। हर व्यक्ति को पूरी सावधानी रखनी है, नहीं तो हम संक्रमण को रोक नहीं पायेंगे। हमें आर्थिक गतिविधियां करनी हैं, जीवन को सामान्य बनाना है, परन्तु पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ। इस संबंध में जनता को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। यदि हम जागरूक रहे तो शीघ्र ही कोरोना को पूरी तरह परास्त कर देंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण की मध्यप्रदेश में गति देश में सबसे धीमी है। मध्यप्रदेश की डबलिंग रेट 31 दिन है। वहीं कोरोना रिकवरी रेट निरंतर बढ़ रहा है, जो अब 63.4 प्रतिशत हो गया है। मध्यप्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों में भी निरंतर कमी आ रही है।

व्यवस्थायें रखें दुरुस्त

ग्वालियर जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहां सभी व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैं। सभी एक्टिव मरीजों की हालत अच्छी है। परन्तु पहली बार ग्वालियर शहर से भी कोरोना के प्रकरण निकले हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि वहां पूरी सावधानी रखें, प्रकरण बढ़ने में देर नहीं लगती।

सर्वेलेंस एवं सैम्पलिंग बढ़ाएं

नीमच जिले की समीक्षा में पाया गया कि नीमच जिले में विगत दिनों में कोरोना के 127 प्रकरण आए हैं, जिनमें अधिक संख्या में जावद के प्रकरण हैं। जिले में सर्वेलेंस एवं सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नीमच एवं जावद में विशेष ध्यान देकर पूरी गंभीरता से कार्य किया जाए।

सागर मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं बेहतर करें

सागर जिले की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने वहां मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं बेहतर किए जाने के निर्देश दिए। इलाज के साथ ही स्वच्छता, सफाई, भोजन आदि सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि तुरंत विशेष चिकित्सकों की टीम सागर भिजवाई जाए। वहां हाई फ्लो ऑक्सीजन मशीन उपलब्ध कराएं।

हाई फ्लो ऑक्सीजन मशीन उपलब्ध कराई जाएंगी

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि कोरोना के इलाज में हाई फ्लो ऑक्सीजन मशीन ज्यादा प्रभावी है। सामान्य मशीन से एक दिन में 5 से 10 लीटर ऑक्सीजन दिया जा सकता है, वहीं हाई फ्लो मशीन से 60 लीटर तक ऑक्सीजन दिया जा सकता है। सभी जिला अस्पतालों एवं अन्य कोविड अस्पतालों को शीघ्र ही ये मशीनें उपलब्ध कराई जायेंगी।

पुलिस के कार्य की सराहना

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संकट के इस दौर में मध्यप्रदेश की पुलिस ने जो सेवा कार्य किया है, वह अत्यंत सराहनीय है। अत्यंत प्रतिकूल परिस्थितियों में पुलिस द्वारा इन दिनों श्रेष्ठ कार्य किया गया। इसके लिए मुख्यमंत्री ने डीजीपी श्री विवेक जौहरी सहित पूरे अमले की सराहना की।

एक्टिव प्रकरणों में निरंतर कमी

श्री चौहान ने बताया कि प्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों में निरंतर कमी आ रही है। प्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों की संख्या 2772 रह गई है। नए पॉजीटिव प्रकरणों की तुलना में स्वस्थ हो रहे मरीजों की संख्या ज्यादा है।

फीवर क्लीनिक को प्रभावी बनाएं

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में फीवर क्लीनिक को प्रभावी बनाया जाए। ये शासकीय एवं निजी दोनों हों, जो जनता को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा सुगमता से प्रदाय करने में अत्यंत उपयोगी होंगी।

अब कृषि उपज का बाधा मुक्त व्यापार कर सकेंगे किसान

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा कृषि उपज वाणिज्य एवं व्यापार (संवर्धन एवं सुविधा) अध्यादेश 2020 को मंजूरी दिये जाने से अब किसान कृषि उपज का बाधा मुक्त व्यापार कर सकेंगे। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में अभी तक की सभी बाधाएं हट जायेंगी तथा किसानों को अपनी फसल का अच्छा लाभ मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में किये गये इस फैसले के लिये प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अभी तक किसान मण्डी के लायसेंसधारी व्यापारी को ही अपनी फसल बेच सकते हैं। परंतु अब उनके सामने फसल बेचने के लिये कई विकल्प होंगे। वे अपने खेत से, घर से तथा राज्य के बाहर भी, जहां उन्हें फसल का बेहतर मूल्य मिल सके अपनी फसल बेच सकेंगे। किसानों की फसलों को बेचने के लिये ई-प्लेटफॉर्म भी बनाया जा रहा है। कैबिनेट ने कृषि उपज वाणिज्य एवं व्यापार (संवर्धन एवं सुविधा) अध्यादेश 2020 को मंजूरी दी है।

योजना की पृष्ठभूमि

कई तरह के नियामक प्रतिबंधों के कारण देश के किसानों को अपने उत्पाद बेचने में काफी दिक्कत आती है। अधिसूचित कृषि उत्पाद विपणन समिति वाले बाजार क्षेत्र के बाहर किसानों पर उत्पाद बेचने पर कई तरह के प्रतिबंध हैं। उन्हें अपने उत्पाद सरकार द्वारा लाइसेंस प्राप्त खरीदारों को ही बेचने की बाध्यता है। इसके अतिरिक्त एक राज्य से दूसरे राज्य को ऐसे उत्पादों के सुगम व्यापार के रास्ते में भी कई तरह की बाधाएं हैं।

किसानों को लाभ

अध्यादेश के लागू हो जाने से किसानों के लिए एक सुगम और मुक्त माहौल तैयार हो सकेगा, जिसमें उन्हें अपनी सुविधा के हिसाब से कृषि उत्पाद खरीदने और बेचने की आजादी होगी। अध्यादेश से राज्य के भीतर और बाहर दोनों ही जगह ऐसे बाजारों के बाहर भी कृषि उत्पादों का उन्मुक्त व्यापार सुगम हो जाएगा जो राज्यों के कृषि उत्पाद विपणन समिति (एपीएमसी) अधिनियम के तहत अधिसूचित हैं।

इससे किसानों को अधिक विकल्प मिलेंगे। बाजार की लागत कम होगी और उन्हें अपने उपज की बेहतर कीमत मिल सकेगी। इसके अलावा अतिरिक्त उपज वाले क्षेत्रों में भी किसानों को उनके उत्पाद के अच्छे दाम मिल सकेंगे और साथ ही दूसरी ओर कम उपज वाले क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को भी ज्यादा कीमतें नहीं चुकानी पड़ेंगी। अध्यादेश में कृषि उत्पादों का सुगम कारोबार सुनिश्चित करने के लिए एक ई-प्लेटफॉर्म बनाए जाने का भी प्रस्ताव है।

एक देश-एक कृषि बाजार

अध्यादेश का मूल उद्देश्य एपीएमसी बाजारों की सीमाओं से बाहर किसानों को कारोबार के अतिरिक्त अवसर मुहैया कराना है, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में अपने उत्पादों की अच्छी कीमतें मिल सकें। यह निश्चित रूप से 'एक देश-एक कृषि बाजार' बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा और कठोर परिश्रम करने वाले हमारे किसानों के लिए उपज की उचित कीमत सुनिश्चित करेगा।

स्व-रोज़गार के लिए स्व-सहायता समूहों को 20 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण

भोपाल, दीनदयाल अन्त्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में स्व-रोज़गार स्थापना के लिए 1743 महिला स्व-सहायता समूहों को विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से जोड़कर 20 करोड़ 75 लाख रुपये का लोन उपलब्ध करवाया गया है। प्रदेश में 52 जिलों के 120 नगरीय निकायों में अभी तक 25 हजार 478 स्व-सहायता समूह गठित किये जा चुके हैं।

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने जानकारी दी है कि वर्ष 2019-20 में 3308 स्व-सहायता समूहों का गठन किया गया है। इनमें से 2377 समूहों को 10-10 हजार रुपये प्रति समूह के मान से कुल 2 करोड़ 37 लाख रुपये की आवर्ती निधि दी गयी है। समूहों को मिले लोन की प्रचलित ब्याज दर 7 प्रतिशत से ऊपर की दर की राशि ब्याज अनुदान के रूप में online PAISA Portal के माध्यम से प्रतिमाह स्व-सहायता समूहों के खाते में जमा की जा रही है। हर माह लगभग 10 लाख रुपये समूहों के खाते में जमा किये जा रहे हैं।

निःशक्त विद्यार्थियों की शेष बची परीक्षायें 9 जून से होंगी

भोपाल, आयुक्त सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण श्रीमती रेनु तिवारी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा दिव्यांग छात्र-छात्राओं की शेष बची परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं 9 जून से 16 जून 2020 तक संचालित होंगी।

श्रीमती तिवारी ने बताया कि निःशक्त छात्र-छात्राओं के लिये परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि कोविड-19 के लिये जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए परीक्षा केंद्रों में आयें। सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मास्क अनिवार्य रूप से पहने।

मनरेगा में रोज़गार मिलने से मजदूरों का जीवन यापन हो गया आसान

भोपाल, मजदूरों को अपने गांव में ही काम मिलता रहे तो उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दमोह जिले की ग्राम पंचायत सेमरा लखरौनी के निवासी हरिदास पाल और उनके भाई झलकन की कहानी कुछ इस तरह की है। इन दोनों को परिवार सहित मनरेगा में रोज़गार मिलने से इनका जीवन यापन अब आसान हो गया है।

हरिदास पाल पिछले पांच वर्ष से धार जिले के पीथमपुर में एक दवा कंपनी में काम कर रहा था और इसका भाई अहमदाबाद की एक दवा कंपनी में काम करता था। मार्च महीने में कोरोना महामारी के कारण दोनों अपने घर सेमरा लखरौनी आ गए। एहतियात के तौर पर 14 दिन तक क्वारेंनटाईन किया गया। इस अवधि के बीत जाने के बाद इन्हें रोजी-रोटी की दरकार थी। ऐसे में गांव के जनप्रतिनिधि ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने श्रमिकों को जॉब कार्ड बनाकर मनरेगा से रोज़गार दिलाने की बात कही है, तो ग्राम पंचायत के रोज़गार सहायक से सम्पर्क कर तुम लोगों को काम मिल सकता है। दोनों भाईयों ने रोज़गार सहायक से सम्पर्क किया। कुछ दिन बाद नवीन जॉब कार्ड के साथ स्थानीय स्तर पर ही कपिलधारा कूप पर कार्य करने के लिए उन्हें एवं उनके परिवार के सदस्यों को मजदूरी पर रख लिया गया।

ग्राम पंचायत में काम मिलने से उनका जीवन यापन आसान हुआ। हरिदास पाल का कहना है कि ऐसे ही गांव में काम मिलता रहेगा तो फिर हमें बाहर जाने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

रेत खदानों में मशीन नहीं बल्कि मजदूर करेंगे काम - कृषि मंत्री

किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल भोपाल में खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुये।

भोपाल, किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने भोपाल स्थित मंत्रालय में जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग में खनिज के उत्खनन के संबंध में खनिज विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रेत खदानों में अधिक से अधिक मजदूरों को लगा कर उन्हें रोज़गार दिया जाए। रेत खदानों में मशीन से कार्य कराया जाना प्रतिबंधित करें।

श्री पटेल ने निर्देशों का पालन सख्ती से कराये जाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ड्रोन कैमरे से रेत खदानों की वीडियोग्राफी कराया जाना सुनिश्चित करें। किसी भी हालत में मशीनों से उत्खनन न हो। श्री पटेल ने निर्देशित किया है कि नर्मदा किनारे डम्पर या मशीनें पाये जाने पर मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाये। उन्होंने सरकार की खनिज नीति का अक्षरशः पालन कराये जाने के भी निर्देश दिये। श्री पटेल ने कहा कि खदानों से रॉयल्टी पर आरटीओ से अनुमति प्राप्त वाहनों से ही परिवहन होना भी सुनिश्चित किया जाये।

निजी भूमि की रेत किसान बेच सकेंगे

श्री पटेल ने संचालक खनिज श्री विनीत कुमार ऑस्टिन से कहा कि जिन खेतों में पानी के बहाव से रेत आ जाती है, उन खेत मालिकों को रेत के विक्रय अधिकार संबंधी प्रावधान किये जायें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आत्मनिर्भर भारत मिशन

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिये यथासंभव 'लोकल' का करें उपयोग

भोपाल, 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' बनाने के लिए यथासंभव 'लोकल' यानी स्थानीय उत्पादों का उपयोग करें। भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत मिशन को मध्यप्रदेश की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप चलाया जाए। विशेषज्ञों का समूह बनाए जाकर उनके सुझावों के आधार पर 'आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' की विस्तृत योजना बनाई जाए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आयोजित आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश संबंधी बैठक के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश संबंधी बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते हुये।

किसानों को मिले सही दाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की योजना बनाई जानी चाहिए कि किसानों को उनके उत्पादों का सही दाम मिले। कृषि विपणन को बेहतर बनाए जाने की आवश्यकता है। कृषि में विविधता आए। किसान ऐसी फसल लें जो उन्हें अच्छी आमदनी दिलवाए। एग्रीकल्चर पैटर्न को बेहतर बनाया जाए। छोटे किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिले। कोल्ड स्टोरेज की सुविधा बढ़े।

भारत सरकार के पैकेज का पूरा लाभ लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत घोषित विशेष पैकेज का पूरा लाभ प्रदेश को दिलाने के लिए तत्परता से कार्य किया जाए। छोटे कारोबारियों के लिए 10 हजार के ऋण तथा उस पर 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना का लाभ उन्हें दिलाया जाए।

वन एवं आदिवासियों का विकास

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की वन संपदा तथा आदिवासी बहुलता को देखते हुए इस प्रकार की योजना बनाई जाए जो वन एवं आदिवासियों का विकास करे।

लोकल प्रोडक्ट्स को बढ़ावा दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की लोकल प्रोडक्ट्स जैसे चंदेरी साड़ियां, बाघ प्रिंट आदि को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। गांव-गांव में छोटे एवं कुटीर उद्योग कैसे खड़े हो सकते हैं यह देखा जाए।

सही मायने में सिंगल विंडो बनें

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा एवं नए उद्योगों की स्थापना के लिए सिंगल विंडो सिस्टम सही मायने में सिंगल विंडो बनें। प्रदेश की आवश्यकता के अनुरूप अलग-अलग सेक्टर में उद्योग स्थापित किए जाएं।

ग्रामीण विकास की अवधारणा बदलें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें ग्रामीण विकास की अवधारणा को बदलना होगा। ग्रामों का विकास इस प्रकार किया जाना चाहिए, जिससे वहां ग्रामीणों की आवश्यकता के अनुरूप वस्तुओं का निर्माण हो और ग्रामीणों को शहर न जाना पड़े।

शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार

श्री चौहान ने कहा कि गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का सुधार करना होगा, जिससे गांवों में ही अच्छी शिक्षा व अच्छी स्वास्थ्य सेवा मिल सके। ग्रामों के समूह बनाकर उनके बीच उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता के विद्यालय खोले जाएं।

सुशासन संस्थान को आदर्श बनाएं

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल विहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान को आदर्श बनाया जाए तथा यह सुशासन, नीति एवं योजनाएं बनाने में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाएं। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के देश-दुनिया के विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएं।

तनावग्रस्त बच्चों की होगी सायको सोशल काउंसलिंग

भोपाल, कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण बच्चों में मानसिक तनाव एवं व्यग्रता आदि की समस्याएं देखने में आ रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों और अभिभावकों को सलाह एवं परामर्श देने के लिए चाइल्ड लाइन सेवा 1098 के अतिरिक्त जिला स्तर पर विशिष्ट टेलिफोनिक सायको सोशल हेल्थ डेस्क स्थापित किए गए हैं। यूनीसेफ एवं निमहेन्स बेंगलुरू के सहयोग से प्रत्येक जिले के लिए प्रशिक्षित सायको सोशल काउंसलर्स की टीम तैयार की गई है।

सभी जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी को हेल्थ डेस्क का प्रभारी बनाया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा केंद्रीकृत नम्बर 8889983062, 6205397158 पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सोमवार से शनिवार परामर्श प्राप्त करने की व्यवस्था आमजन के लिए की गई है।

जीवन शक्ति योजना बनी महिलाओं के लिये रोज़गार का माध्यम

भोपाल, कोरोना संकट काल में जहां एक ओर लॉकडाउन की परिस्थितियां निर्मित हुईं, वहीं दूसरी ओर रोज़गार के अवसर भी जाने लगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस स्थिति में प्रदेश की जनता के लिये अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये। आम आदमी की जरूरतों को पूरा करने के साथ विशेषकर महिलाओं के लिये घर बैठे रोज़गार देने के लिये जीवन शक्ति योजना लागू की। दोहरी लाभ वाली इस योजना में एक तरफ बड़ी संख्या में महिलाओं को मास्क बनाने का काम सौंपा, वहीं दूसरी तरफ कोरोना से बचाव के लिये आम आदमी को सस्ती दरों पर मास्क की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शुरू की गई जीवन शक्ति योजना में शहरी महिला उद्यमियों को रोज़गार के अवसर भी मिल रहे हैं। योजना में शामिल होने के लिये बनाये गये पोर्टल पर 10 हजार से अधिक शहरी महिला उद्यमियों ने पंजीयन करवाया है।

पंजीकृत महिलाओं को 2 करोड़ से अधिक राशि के लगभग 20 लाख कपड़े के मास्क बनाने के ऑर्डर दिये जा चुके हैं। महिलाओं द्वारा अब-तक 9 लाख 36 हजार से अधिक मास्क बनाकर दिये जा चुके हैं। शासन द्वारा निर्धारित प्रति मास्क की दर 11 रुपये के मान से महिला उद्यमियों को 8 लाख 65 हजार 609 मास्क के लिए 95 लाख 21 हजार 699 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। जीवन शक्ति पोर्टल में शहरों की उद्यमी महिला पंजीयन करवाकर मास्क का निर्माण प्रारंभ कर सकती हैं।

नगरीय निकायों एवं पंचायतों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अगस्त को होगा

भोपाल, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण की स्थगित प्रक्रिया को एक जून से फिर शुरू किया जा रहा है। इसके लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया गया है। मतदाता सूची एक जनवरी 2020 की संदर्भ तारीख के आधार पर तैयार की जायेगी। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 अगस्त 2020 को किया जायेगा।

सचिव मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग श्री दुर्ग विजय सिंह ने जानकारी दी है कि शिफ्टिंग संबंधी विवादों के निराकरण के लिए आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार कार्यवाही एक जून तक करना है। फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगरपालिका वार्ड, ग्राम पंचायत एवं अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन एक जुलाई 2020 को होगा। प्रारूप मतदाता सूची मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों को उपलब्ध कराना और स्टैण्डिंग कमेटी की बैठक एक और दो जुलाई को कराना है। प्रारूप मतदाता सूची पर एक से 9 जुलाई तक दावे-आपत्ति ली जाएंगी। दावे-आपत्तियों का निराकरण 15 जुलाई तक किया जायेगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन नगरपालिका वार्डों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य विहित स्थानों पर 4 अगस्त 2020 को किया जायेगा। श्री सिंह ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा इंदौर एवं उज्जैन सम्पूर्ण जिलों को तथा भोपाल सहित कुछ नगर निगम/नगरपालिका क्षेत्र को रेड जोन में रखा गया है। अतः इन क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण की कार्यवाही स्थगित रखी जाए। साथ ही कलेक्टर द्वारा घोषित कंटेनमेंट क्षेत्र में भी कार्यवाही तब-तक स्थगित रखी जाये जब-तक कि सक्षम अधिकारी द्वारा उक्त क्षेत्र को कंटेनमेंट क्षेत्र से बाहर घोषित नहीं कर दिया जाता है। इस संबंध में बिन्दुवार जानकारी आयोग को तत्काल उपलब्ध करायी जाए।

महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से नवीन संबद्धता एवं नवीनीकरण के लिये आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित

भोपाल, स्कूल शिक्षा विभाग के महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान द्वारा सत्र 2021-22 के लिये वर्तमान में प्रचलित पाठ्यक्रम के आधार पर नवीन संबद्धता अथवा संबद्धता नवीनीकरण के लिये 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रदेश के शासकीय/आदर्श संस्कृत विद्यालय, अशासकीय संस्कृत विद्यालय/शासकीय संस्कृत महाविद्यालय एवं परम्परागत आवासीय संस्कृत पाठशालाएं, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान से नवीन संबद्धता प्राप्त करने अथवा संबद्धता नवीनीकरण के लिये एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से 31 जुलाई 2020 तक आवेदन कर सकती हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

Veer Covid-19

अपील

मेरे प्यारे प्रदेशवासियो,

आज पूरा विश्व कोरोना महामारी के विरुद्ध संघर्ष कर रहा है। मध्यप्रदेश भी इस संघर्ष से अलग नहीं है। मैंने 23 मार्च को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही प्रदेश में आमजन की सुरक्षा को लेकर सभी आवश्यक कदम उठाये। प्रदेश में जल्द से जल्द टेस्टिंग लैब, मास्क, पी.पी.ई. किट, आईसीयू बेड, ऑक्सीजन सिलेण्डर तथा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन टैबलेट आदि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई। प्रत्येक जिले में कोविड अस्पताल चिन्हित किए गये। आज प्रदेश में 21 टेस्टिंग लैब हैं। हमने लगभग 6,000 टेस्ट प्रतिदिन की क्षमता हासिल कर ली है। आईसीयू और बिस्तरों की जो कुल क्षमता है, आज उसमें से सिर्फ एक-तिहाई ही उपयोग में आ रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज मध्यप्रदेश कोरोना से रिकव्हरी रेट में देश के शीर्ष राज्यों में शामिल है। यह रिकव्हरी रेट देश के औसत रिकव्हरी रेट से अधिक है।

लॉकडाउन के कारण आमजन को कोई परेशानी न हो इसलिए सभी आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता एवं पहुँच सुनिश्चित की गई। प्रवासी मजदूर भाइयों की वापसी की सभी व्यवस्थायें की गईं। श्रमिक, गरीब एवं जरूरतमंदों की सभी आवश्यकताओं के अनुरूप उनके राशन, भोजन एवं आवास आदि की व्यवस्था की गई।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन-यापन की दृष्टि से अनलॉक-1 में कई प्रकार की छूट दी गई है। जरूरत के लिये बाजार और अन्य गतिविधियां शुरू कर दी गई हैं। छूट के बाद ऐसे अनेक मामले सामने आ रहे हैं, जहां गाइडलाइन का पालन नहीं किया गया है। मेरी आप सभी से अपील है कि कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है। सावधानी ही संक्रमण से सुरक्षा का उपाय है।

हमें प्रधानमंत्री जी की बात ''जान है तो जहान है'' का भी ध्यान रखना है। अभी निरंतर सतर्क एवं सावधान रहने की आवश्यकता है। कोरोना से बचाव के लिये मंत्र है ''दो गज की दूरी'' (फिजिकल डिस्टेंसिंग), फेस कवर (मास्क लगाना), बार-बार हाथ धोना, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं थूकना, लोगों से हाथ मिलाने की जगह नमस्ते करना।

मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि आप कोरोना संक्रमण से बचने के लिये सावधानी बरतें और कोई लापरवाही नहीं करें। हमें धैर्य और साहस के साथ आगे बढ़ना है।

आपकी सावधानी मध्यप्रदेश को कोरोना मुक्त बनाएगी।

आप सभी को मेरी ओर से शुभकामनाएँ।

(शिवराज सिंह चौहान)
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11027/R-43969/2020

अल्पावधि : म.प्र. माध्यम/2020

चर्चा में

गूगल

वर्क फ्रॉम होम के लिए कर्मियों को देगी 75 हजार रुपये

गूगल ने 6 जुलाई, 2020 से क्रमवद्ध तरीके से अपने दफ्तर खोलने की योजना बनाई है। इसके अलावा वर्क फ्रॉम होम से संबंधित फर्नीचर और अन्य जरूरी सामान खरीदने के लिए हर कर्मचारी को 75 हजार रुपये देने का ऐलान किया है। गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने बताया कि 6 जुलाई से कंपनी अपने ऑफिस खोलना शुरू करेगी।

वियतनाम में मिला

ग्यारह सौ साल पुराना शिवलिंग

दक्षिण एशियाई देश वियतनाम से भारत के सांस्कृतिक संबंध काफी पुराने और गहरे हैं। हाल ही में वियतनाम में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को माई सोन मंदिर परिसर में खुदाई के दौरान नौवीं शताब्दी का बलुआ पत्थर से निर्मित शिवलिंग मिला है। तस्वीरों के साथ इसकी जानकारी विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ट्विटर पर साझा की है।

ज्योति कुमारी

'साइकिल गर्ल' पर बनेगी फिल्म

लॉकडाउन में बीमार पिता को साइकिल पर बैठाकर हरियाणा के गुरुग्राम से 1200 किलोमीटर दूर अपने घर बिहार के दरभंगा पहुंचने वाली ज्योति कुमारी पर बॉलीवुड फिल्म बनाने जा रहा है। फिल्मकार विनोद कापड़ी बिहार की बेटी 'साइकिल गर्ल' ज्योति पर फिल्म बनाएंगे। ज्योति ने 1200 किलोमीटर की दूरी 7 दिन में तय कर ली थी।

वैज्ञानिक राजीव जोशी

इन्वेंटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित

भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक राजीव जोशी को इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग को बढ़ावा देने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्षमताओं को बेहतर बनाने में योगदान के लिए प्रतिष्ठित इन्वेंटर ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया है। जोशी ने कई अन्य आविष्कार भी किए हैं। जोशी न्यूयॉर्क में आईबीएम थॉमसम वाटसन रिसर्च सेंटर में काम करते हैं।

स्टफ मीडिया हाउस

एक डॉलर में बिका न्यूजीलैंड का मीडिया संगठन

कोरोना ने मीडिया संगठनों की आर्थिक हालत बिगाड़ दी है। न्यूजीलैंड का एक बड़ा मीडिया संगठन महज एक डॉलर में बिक गया। स्टफ नामक यह संगठन देश के कई अखबारों को छापने के अलावा न्यूज वेबसाइट भी चलाता है। जिसमें 400 पत्रकार सहित 900 कर्मचारी काम करते हैं। स्टफ पर ऑस्ट्रेलिया की नाईन इंटरटेनमेंट कंपनी का मालिकाना अधिकार था।

एताशा कुमारी

आठ साल की उम्र में गेम डेवलपर बनीं

दिल्ली की कक्षा चौथी की छात्रा एताशा कुमारी ने ऑनलाइन गेम डेवलप किया है। एताशा यह कार्य करने के बाद दुनिया की सबसे छोटी सर्टिफाइड गेम डेवलपर बन गई हैं। एताशा ने दो सप्ताह में ही यह ऑनलाइन गेम बनाया है। एताशा 'व्हाइट हैट जूनियर' के माध्यम से 'कोडिंग' पर ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स कर रही हैं।

वी. शंकरलिंगम

जूम के इंजीनियरिंग हेड बने

वीडियो चैट एप संचालित करने वाली कंपनी जूम आइएनसी ने भारतीय मूल के वी. शंकरलिंगम को इंजीनियरिंग का हेड बनाया है। वे कंपनी के सीईओ एरिक एस. युआन को रिपोर्ट करेंगे। शंकरलिंगम को हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सर्विस इंडस्ट्री का व्यापक अनुभव है। उन्होंने चेन्नई की अन्ना यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशंस से बीई किया है। उन्होंने 1989-90 में अमेरिका की नॉर्दन इलिनोइस यूनिवर्सिटी से एमएस किया था।

भावुक जैन

एप्पल की साइन इन प्रक्रिया में खोजा बग

भारत के 27 वर्षीय भावुक जैन ने एप्पल के साइन इन विद एप्पल में बड़ा बग खोजा है। यह बग एप के साइन-इन-ऑथेंटिकेशन से जुड़ा है। इसके लिए उन्हें 1 लाख डॉलर का इनाम दिया गया है। एप्पल ने 2019 में थर्ड पार्टी एप्स और वेबसाइट में आसानी से लॉगिन के लिए साइन इन विद एप्पल की घोषणा की थी।

सिल्क फाइब्रोइन हाइड्रोजेल

बार-बार इंसुलिन लेने से दिलाएगा छुटकारा

बेंगलुरू के जवाहर लाल नेहरू उन्नत वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र (जेएनसीएएसआर) के वैज्ञानिकों द्वारा प्रोफेसर टी. गोविंदराजू के नेतृत्व में किये गये शोध के बाद पाया कि सिल्क फाइब्रोइन हाइड्रोजेल (एचएफएच) युक्त इंजेक्शन लेने से बार-बार इंसुलिन लेने से बचा जा सकेगा। यह डायबिटीज की दवा नहीं है लेकिन यह शरीर में इंसुलिन के प्रवाह को इस तरह नियंत्रित और वितरित करता है कि बार-बार इंसुलिन से छुटकारा मिल जाएगा।

यू ट्यूब ने

नस्लवाद के विरोध में ब्लैक किया लोगो

अमेरिका के मिनिसोटा में पुलिस अधिकारियों द्वारा अफ्रीकी मूल के शख्स की मौत हो गई। जब यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तो हजारों लोगों ने इसके विरोध में अमेरिका में प्रदर्शन किया। इसके चलते विरोध स्वरूप यू ट्यूब ने अपना लोगो ब्लैक कर दिया है। यू ट्यूब ने कहा हम नस्लभेद और हिंसा के खिलाफ एकजुटता में खड़े हैं।

श्रव्या अन्नापारेड्डी

भारतीय-अमेरिकी बच्ची को अमेरिका के राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

अमेरिका में कोरोना वायरस से जंग लड़ रहे दमकल कर्मियों और अग्रिम मोर्चों पर तैनात नर्सों के लिए कुकीज और कार्ड भेजने वाली भारतीय मूल की दस वर्षीय श्रव्या अन्नापारेड्डी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सम्मानित किया है। श्रव्या गर्ल स्काउट ट्रूप की सदस्य हैं और मेरी लैंड के हनोवर हिल्स एलीमेंट्री सकूल की छात्रा है। श्रव्या उन तीन बच्चियों के ग्रुप की सदस्या हैं जिन्होंने कुकीज के 100 डिब्बे और 200 कार्ड पैरामेडिकल स्टाफ के लिए भेजे थे।

स्मृति शेष

मध्यप्रदेश के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का निधन

मध्यप्रदेश के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी का 74 वर्ष की उम्र में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। आईएएस रहे श्री जोगी छत्तीसगढ़ के पहले मुख्यमंत्री थे। वर्तमान में वे मारवाही क्षेत्र से विधायक थे। 2016 में उन्होंने जनता कांग्रेस छत्तीगढ़ का गठन किया था और वे अंतिम समय तक इसके प्रमुख रहे।

मशहूर ज्योतिषी बेजान दारूवाला का निधन

देश के जाने-माने ज्योतिषी बेजान दारूवाला का 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से निमोनिया से पीड़ित थे। ज्योतिष के क्षेत्र में वह दुनिया भर में मशहूर थे और देश की अधिकांशतः जानी-मानी हस्तियां उनसे ज्योतिष संबंधी परामर्श लेती रही थीं। उनके ज्योतिष स्तंभ का नाम 'गणेश स्पीक्स' था।

गीतकार योगेश गौर का निधन

अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना अभिनीत फिल्म आनंद के गीत 'कहीं दूर जब दिन ढल जाये' और 'जिंदगी कैसी है पहेली हाय' के गीतकार योगेश गौर का 77 वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। उन्होंने ऋषिकेष मुखर्जी, बासु चटर्जी आदि के साथ काम किया था।

संगीतकार वाजिद खान का निधन

बॉलीवुड की मशहूर 'साजिद-वाजिद खान' जोड़ी के वाजिद खान का किडनी की बीमारी और कोरोना संक्रमण से 42 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। साजिद-वाजिद की यह जोड़ी 1998 में सलमान खान अभिनीत फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' से सुपरहिट हुई थी। वाजिद ने फिल्म पार्टनर के लिए 2008 में गीत भी गाया था।

ओलिंपिक पदक विजेता मोरो का निधन

मेलबर्न ओलिंपिक 1956 में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले फर्राटा धावक बॉबी जोए मोरो का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 1950 के दशक के महान धावकों में से एक माना जाता है। मोरो ने मेलबर्न ओलिंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर और चार गुणा 100 मीटर के स्वर्ण पदक जीतकर अमेरिका के दिग्गज एथलीट जेसी ओवेन्स की बराबरी की थी।

उर्दू के लेखक मुजतबा हुसैन का निधन

उर्दू के जाने-माने तंज-ओ-मजाह लेखक मुजतबा हुसैन का हैदराबाद में निधन हो गया। 2007 में उन्हें पद्मश्री से नवाजा गया था। वे हिंदी और उर्दू दोनों भाषा में लिखते थे। हुसैन का जन्म 15 जुलाई, 1936 में हुआ था।

फिल्मकार बासु चटर्जी का निधन

जाने-माने फिल्म निर्देशक और लेखक बासु चटर्जी का 90 साल की उम्र में निधन हो गया है। बासु दा लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। 70 व 80 के दशक में हिंदी सिनेमा को नया रंग देते हुये बासु दा ने चित्तचोर, रजनी, बातों बातों में, उस पार, छोटी सी बात, खट्टा मीठा, पिया का घर, जैसी फिल्मों का निर्देशन किया और हिंदी सिनेमा की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

किसी भी प्रयास को सफल बनाने के लिये खुद पर विश्वास करें – ओ. हेनरी

कला-संस्कृति के साथ-साथ विज्ञान और तकनीक से भी हमें रूबरू कराती हैं विरासतें

किसी व्यक्ति का अपनी धरोहर से जुड़ाव ठीक उसी प्रकार से होता है जैसे कि एक बच्चे का अपनी माँ से, हमारी धरोहर हमारा गौरव हैं और ये हमारे इतिहास-बोध को मजबूत करती हैं। हमारी कला और संस्कृति की आधार शिला हमारे विरासत स्थल ही हैं। हमारी विरासतें हमें विज्ञान और तकनीक से भी रूबरू कराती हैं, ये मनुष्यों तथा प्रकृति के मध्य जटिल संबंधों को दर्शाती हैं और मानव सभ्यता की विकास गाथा की कहानी भी बयां करती हैं। किसी भी देश की पहचान उस देश के सांस्कृतिक और पुरातात्विक विकास से होती है। भारत में भी प्राचीन काल से लेकर आधुनिक दौर तक अनेक शहरों, मंदिरों और स्थलों इत्यादि की खोज की जा चुकी है, जिन्होंने इस देश के महत्व को विश्व स्तर पर बढ़ाया है। हमारा देश मुग़ल काल, राजपूत काल और ब्रिटिश काल से लेकर आज़ादी तक कई ऐतिहासिक जुड़ाव को अपने में समेटे हुए है। भारतीय स्मारक अपनी सुंदरता के लिए दुनिया भर में लोकप्रिय हैं।

यूनेस्को द्वारा प्रदान की जाती है विश्व धरोहरों को मान्यता

सांस्कृतिक और प्राकृतिक महत्व के स्थलों को हम विश्व धरोहर या विरासत कहते हैं। ये स्थल ऐतिहासिक और पर्यावरण के लिहाज़ से भी महत्वपूर्ण होते हैं। इनका अंतर्राष्ट्रीय महत्व भी होता है, इनके संरक्षण हेतु विशेष प्रयास किये जाते हैं। ऐसे स्थलों को आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र की संस्था संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को), विश्व धरोहर की मान्यता प्रदान करती है।

प्रत्येक विरासत स्थल उस देश विशेष की संपत्ति होती है, परंतु अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का हित भी इसी में होता है कि वे आने वाली पीढ़ियों के लिए इनका संरक्षण करें। यूनेस्को विश्व विरासत स्थल ऐसे खास स्थानों (जैसे वन क्षेत्र, पर्वत, झील, मरुस्थल, स्मारक, भवन, या शहर इत्यादि) को कहा जाता है, जो विश्व विरासत स्थल समिति द्वारा चयनित होते हैं। यह समिति इन स्थलों की देख-रेख यूनेस्को के तत्वावधान में करती है। इसका उद्देश्य विश्व के ऐसे स्थलों को चयनित एवं संरक्षित करना होता है, जो विश्व संस्कृति की दृष्टि से मानवता के लिए महत्वपूर्ण हैं। कुछ खास परिस्थितियों में ऐसे स्थलों को इस समिति द्वारा आर्थिक सहायता भी दी जाती है।

इन मापदंडों पर तय होते हैं विश्व धरोहर स्थल

- मानव रचनात्मक प्रतिभा।
- मूल्यों का परिवर्तन।
- सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप।
- मानव इतिहास में महत्व।
- असाधारण मानव निपटान।
- सार्वभौमिक महत्व की घटनाओं के साथ जुड़े।
- घटनाएँ या सुंदरता।
- पृथ्वी के इतिहास के मंच।
- महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी और जैविक प्रक्रियाओं।
- जैव विविधता के लिए महत्वपूर्ण प्राकृतिक आवास।

महत्वपूर्ण तथ्य

- 18 अप्रैल 1982 को ट्यूनीशिया में पहला विश्व विरासत दिवस इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ मान्युमेंट्स एंड साइट्स के द्वारा मनाया गया था।
- 1983 में संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को द्वारा इसे मान्यता प्रदान की गई, तब से हर साल 18 अप्रैल को वर्ल्ड हेरिटेज डे पूरी दुनिया में मनाया जाता है।
- यूनेस्को (UNESCO) संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन का लघुरूप है। इस संस्था का गठन 16 नवम्बर 1945 को हुआ था। यह संयुक्त राष्ट्र का एक घटक निकाय है। इसका मुख्यालय पेरिस (फ्रांस) में है। यूनेस्को के 193 सदस्य देश हैं और 11 एसोसिएट सदस्य हैं।
- भारत 1946 में इस संस्था का सदस्य बना था।
- इस संस्था का कार्य शिक्षा, प्रकृति तथा समाज विज्ञान, संस्कृति तथा संचार के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देना है।
- इस संस्था का उद्देश्य शिक्षा एवं संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से शांति एवं सुरक्षा की स्थापना करना है।

भारत में मौजूद यूनेस्को विरासत स्थल

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51ए (एफ) में स्पष्ट कहा गया है कि अपनी समग्र संस्कृति की समृद्ध धरोहर का सम्मान करना और इसे संरक्षित रखना प्रत्येक भारतीय नागरिक का कर्तव्य है। देश में ऐसे तमाम ऐतिहासिक स्थल हैं जो देखने में काफी खूबसूरत और अद्भुत हैं, लेकिन हर किसी को विश्व विरासत स्थल की संज्ञा नहीं मिली है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था द्वारा चयनित स्थलों को ही विश्व विरासत स्थल की श्रेणी में रखा जाता है। भारत में इस समय यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त 38 विरासत स्थल हैं। इसमें सांस्कृतिक विरासत के तीस (30), प्राकृतिक विरासत के सात (07) और मिश्रित विरासत से एक (01) स्थल शामिल हैं।

1. **आगरा का किला** : इस किले को 'आगरा का लाल किला' भी कहते हैं, यह उत्तरप्रदेश के आगरा शहर में स्थित है। वर्ष 1983 में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था।
2. **अजंता की गुफाएं** : महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद जिले में पड़ने वाली अजंता की गुफाएं वर्ष 1983 से यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में हैं।
3. **एलोरा की गुफाएं** : एलोरा महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। एलोरा की गुफाओं को वर्ष 1983 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था।
स. प्रभावी श्रम संघ
द. आयात व निर्यात
उत्तर- ब. से का बाज़ार का नियम

25. मन्दी की स्थिति में, उपभोक्ता गिरती हुई आय के लिये किस तरह की प्रतिक्रिया करते हैं?
अ. टिकाऊ वस्तुओं पर किये जाने वाले उपभोग के अंश को उपभोक्ता बढ़ा देते हैं।
ब. आय के और गिरने से पहले ही उपभोक्ता शीघ्रता से घिसी पुरानी टिकाऊ वस्तुओं को बदल देते हैं।
स. टिकाऊ वस्तुओं पर किये जाने वाले उपभोग के अंश को घटा देते हैं।
द. टिकाऊ वस्तुओं की खरीद के मुकाबले गैर टिकाऊ वस्तुओं और सेवाओं की खरीद को अधिक तेजी से कम कर देते हैं।
उत्तर- स. टिकाऊ वस्तुओं पर किया गया व्यय स्थायी होता है, अतः बार-बार नहीं किया जाता है।

26. बॉण्ड की कीमतों तथा ब्याज की दर में कीन्स के अनुसार कैसा संबंध होता है-
अ. सीधा
ब. विपरीत
स. कोई संबंध नहीं
द. आनुपातिक
उत्तर- ब. बॉण्ड की कीमतें कम होने पर ब्याज की दर बढ़ती है।

27. कुल ब्याज में निम्न में से क्या-क्या सम्मिलित होते हैं -
अ. जोखिम का भुगतान
ब. शुद्ध ब्याज
स. असुविधाओं का भुगतान
द. उपरोक्त सभी।
उत्तर- द. उपरोक्त सभी

28. ब्याज का आधुनिक सिद्धांत किस अर्थशास्त्री ने प्रतिपादित किया है?
अ. हिक्स व हैन्सन ने
ब. कीन्स व हिक्स ने
स. फ्रीडमैन और हैन्सन ने
द. कीन्स व फ्रीडमैन ने
उत्तर- अ. हिक्स व हैन्सन ने

29. ब्याज की दरों में परिवर्तन से सर्वाधिक संवेदनशील द्रव्य बाजार कौन-सा है?
अ. बिल बाजार
ब. असंगठित द्रव्य बाजार
स. शीघ्रावधि द्रव्य बाजार
द. संगठित द्रव्य बाजार।
उत्तर- स. शीघ्रावधि द्रव्य बाजार

30. निम्नलिखित में से किसमें वृद्धि के परिणामस्वरूप सार्वजनिक निवेश, निजी निवेशों को क्राउड आउट कर देते हैं?
अ. गुणक का मूल्य
ब. त्वरक का मूल्य
स. ब्याज की दर
द. मुद्रा की पूर्ति
उत्तर- स. ब्याज की दर

31. पीगू के अनुसार-
अ. वस्तु विनिमय राष्ट्रीय आय में सम्मिलित होता है
ब. वस्तु विनिमय राष्ट्रीय आय में सम्मिलित नहीं होता है
स. उपरोक्त दोनों सत्य
द. उपरोक्त में से कोई नहीं।
उत्तर- ब. ऐसी सेवायें या विनिमय जिसके बदले में मुद्रा की प्राप्ति ना हो, राष्ट्रीय आय में सम्मिलित नहीं होती हैं।

32. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य राष्ट्रीय आय का अंग नहीं है?
अ. शिक्षक का कक्षा में पढ़ाना
ब. डॉक्टर द्वारा मरीज का इलाज करना
स. बहन द्वारा भाई की देखभाल करना
द. किरायेदार द्वारा मकान किराये से लेना
उत्तर- स. इसमें किसी भी प्रकार का मौद्रिक व्यवहार नहीं हो रहा है।

33. राष्ट्रीय आय होती है-
अ. बाजार कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
ब. साधन कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद
स. बाजार कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
द. साधन कीमतों पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद
उत्तर- ब. साधन कीमतों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद

34. कौन-सा कथन सत्य है?
अ. NI = लगान + मजदूरी + ब्याज + लाभ + वेतन
ब. GNP = लगान + मजदूरी + ब्याज + लाभ + वेतन
स. NDP = लगान + मजदूरी + ब्याज + लाभ
द. GDP = लगान + मजदूरी + ब्याज
उत्तर- अ. यहां NI से तात्पर्य राष्ट्रीय आय से, GNP का सकल राष्ट्रीय उत्पाद, NDP का शुद्ध घरेलू उत्पाद और GDP का सकल घरेलू उत्पाद से है।

35. GNP का मूल्य-
अ. भौतिक इकाइयों में व्यक्त होता है
ब. मुद्रा में व्यक्त होता है
स. उपरोक्त दोनों
द. संबंधित नहीं
उत्तर- ब. किसी देश के उत्पादन साधनों द्वारा किसी वर्ष में उत्पादित वस्तुओं तथा सेवाओं के भौतिक मूल्य को GNP कहते हैं।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-02 भोपाल
Mo. : 9425601534, ईमेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/142/पयं/भोपाल-02/तशा/20 भोपाल, दि. 02.06.2020

प्रेस विज्ञप्ति

"निर्माण कार्य (138), बहुमंजिला आवास गृह, पुलिस रेडियो कॉलोनी भदभदा रोड भोपाल जिला भोपाल के निर्माण हेतु निविदा क्रमांक-01/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-**2020_MPPHC_91866_1**) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.07.2020 समय 5.00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/97504/43979/2020 **परियोजना यंत्री**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान

1. **इनमें से किस जिले में चुटका नामक स्थान पर परमाणु संयंत्र का निर्माण होना प्रस्तावित है?**
   अ. खंडवा में
   ब. विदिशा में
   स. उमरिया में
   द. मंडला में ।
2. **मध्यप्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ी धर्मेन्द्र अहिरवार का संबंध किस विधा से हैं?**
   अ. कराते
   ब. तैराकी
   स. शूटिंग
   द. टेनिस।
3. **'मुकुल' नामक काव्य रचना है?**
   अ. शिवमंगल सिंह 'सुमन' की
   ब. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की
   स. सुभद्रा कुमारी चौहान की
   द. अशोक चक्रधर की ।
4. **प्रदेश का पहला गौ अभ्यारण्य स्थापित किया गया है?**
   अ. उज्जैन में
   ब. आगर-मालवा में
   स. छिंदवाड़ा में
   द. सीहोर में।
5. **मध्यप्रदेश का पहला विश्वविद्यालय स्थापित हुआ है?**
   अ. विन्ध्य क्षेत्र में
   ब. निमाड़ में
   स. मालवा में
   द. बुन्देलखंड में।
6. **मध्यप्रदेश की अवनि चतुर्वेदी ने राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण सम्मान प्राप्त किया है। वह ..... हैं?**
   अ. पायलट
   ब. मुक्केबाज
   स. क्रिकेटर
   द. प्रशासक।
7. **मध्यप्रदेश के कितने जिलों से कर्क रेखा गुजरती है?**
   अ. 8
   ब. 12
   स. 14
   द. 16
8. **मध्यप्रदेश की अधिकतम सीमा लगी हुई है?**
   अ. उत्तरप्रदेश से
   अ. महाराष्ट्र से
   स. राजस्थान से
   द. छत्तीसगढ़ से।
9. **चंबल नदी का उद्गम स्थल है?**
   अ. पातालकोट
   ब. जानापाव पहाड़ी
   स. पचमढ़ी
   द. भदभदा पहाड़ी।
10. **प्रदेश के किस शहर से कोटा तक ग्रीन हाईवे बनाया जा रहा है?**
    अ. थीना से
    ब. उज्जैन से
    स. भोपाल से
    द. रतलाम से।
11. **मध्यप्रदेश में एकमात्र पशुपतिनाथ का मंदिर स्थित है?**
    अ. खजुराहो में
    ब. मंदसौर में
    स. उज्जैन में
    द. ओंकारेश्वर में।
12. **मध्यप्रदेश की उत्तर से दक्षिण तक लंबाई कितने किलोमीटर है?**
    अ. 605
    ब. 705
    स. 770
    द. 870
13. **सर्वाधिक भूमिगत जल उपलब्धता किस जिले में है?**
    अ. खंडवा में
    ब. विदिशा में
    स. उमरिया में
    द. होशंगाबाद में ।
14. **महिला पुलिस ट्रेनिंग सेंटर स्थापित किया जा रहा है?**
    अ. उज्जैन में
    ब. मालनपुर में
    स. छिंदवाड़ा में
    द. इन्दौर में।
15. **पर्यटन नगरी मान्डू में स्थित नहीं है?**
    अ. जहाज महल
    ब. मदन महल
    स. हिंडोला महल
    द. रूपमति महल।
16. **प्रदेश का राजकीय खेल है?**
    अ. कराते
    ब. कबड्डी
    स. शूटिंग
    द. मलखम्ब।
17. **1857 की क्रांति के समय सागर में किसके नेतृत्व में अश्वारोही सैन्य टुकड़ी ने अंग्रेजों से विद्रोह किया था?**
    अ. शेख रमजान
    ब. नारायण सिंह
    स. शहादत खां
    द. साबूलाल।
18. **इनमें से किस जिले में निमाड़ी नहीं बोली जाती?**
    अ. अलीराजपुर में
    ब. देवास में
    स. खरगौन में
    द. बड़वानी में ।
19. **नर्मदा तट पर मंडला में किसने आश्रम स्थापित किया था?**
    अ. वेदव्यास ने
    ब. परशुराम ने
    स. सुश्रुत ने
    द. भास्कर ने।
20. **सतना के भरहुत स्तूप के खोजकर्ता हैं?**
    अ. राजा मार्तन्ड सिंह
    ब. अवधेश प्रताप सिंह
    स. अलेक्जेंडर कनिंघम
    द. सर टामस रो।
21. **नवपाषाण कालीन स्थल एरण किस जिले में है?**
    अ. उमरिया में
    ब. आगर-मालवा में
    स. सागर में
    द. छतरपुर में।
22. **भारत का डेट्राइट कहलाता है?**
    अ. मंडीदीप
    ब. पीथमपुर
    स. जमशेदपुर
    द. गुरुग्राम
23. **खजुराहो के मंदिरों का निर्माण हुआ था?**
    अ. 7वीं सदी में
    ब. 9वीं सदी में
    स. 11वीं सदी में
    द. 15वीं सदी में।
24. **हलाली परियोजना (विदिशा) को नया नाम दिया गया है?**
    अ. सम्राट भोज सागर
    ब. महराणा प्रताप सागर
    स. अटल सागर
    द. सम्राट अशोक सागर
25. **मध्यप्रदेश का पहला ग्रीनफील्ड कार्गो हवाई अड्डा विकसित किया गया है?**
    अ. डबरा में
    ब. पीथमपुर में
    स. अम्बेडकर नगर (महू में)
    द. मण्डीदीप में
26. **किस जिले में बरमान मेला लगता है?**
    अ. रायसेन में
    ब. मंडला में
    स. नरसिंहपुर में
    द. शिवपुरी में
27. **गिन्नौरगढ़ के प्रसिद्ध हैं?**
    अ. मोर
    ब. खरमोर
    स. तोते
    द. मुर्गे।
28. **तितली पार्क स्थापित किया जा रहा है?**
    अ. उमरिया में
    ब. धार में
    स. सागर में
    द. छतरपुर में।
29. **मध्यप्रदेश जनसंपर्क संचालनालय, भोपाल द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका का नाम है?**
    अ. मध्यप्रदेश संदेश
    ब. शिखरवार्ता
    स. मध्यप्रदेश माध्यम
    द. मध्यप्रदेश साधक।
30. **महेश्वरी साड़ी उद्योग कला को स्थापित करने का श्रेय किसे दिया जाता है?**
    अ. अनुसुइया उइके को
    ब. विमला वर्मा को
    स. अहिल्याबाई को
    द. विजयराजे सिंधिया को।
31. **मध्यप्रदेश आर्थिक अपराध प्रकोष्ट का गठन हुआ है?**
    अ. 1980 में
    ब. 1981 में
    स. 1983 में
    द. 1987 में
32. **मध्यप्रदेश में अब तक कितने बार राष्ट्रपति शासन लागू रहा है?**
    अ. 2 बार
    ब. 3 बार
    स. 4 बार
    द. 5 बार।
33. **भोपाल स्थित 'मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी' की स्थापना कब हुई है?**
    अ. 1960 में
    ब. 1963 में
    स. 1966 में
    द. 1969 में
34. **डॉ. ग्रियर्सन ने मध्यप्रदेश की किस बोली को 'दक्षिणी राजस्थानी' कहा है?**
    अ. बघेलखंडी को
    ब. बुन्देली को
    स. निमाड़ी को
    द. मालवी को।
35. **किस राष्ट्रीय उद्यान को मोगली लैण्ड के रूप में विकसित किया गया है?**
    अ. पेंच, सिवनी - छिंदवाड़ा
    ब. फासिल्स, मंडला
    स. बांधवगढ़, उमरिया
    द. सतपुड़ा, होशंगाबाद।
36. **मध्यप्रदेश में घरों पर ही बुनी जाने वाली दरी एवं कालीन की कला को कहा जाता है?**
    अ. गंजा
    ब. मंजा
    स. पंजा
    द. इनमें से कोई नहीं।
37. **बुन्देली के किस विद्वान की अधिकतर कहावतें किसानी एवं मौसम से संबंधित हैं?**
    अ. ईसुरी की
    ब. भूषण की
    स. घाघ दुबे की
    द. सिंगाजी की ।

उत्तरमाला

1. द	2. ब	3. स
4. ब	5. द	6. अ
7. स	8. अ	9. ब
10. ब	11. ब	12. अ
13. द	14. स	15. ब
16. द	17. अ	18. ब
19. ब	20. स	21. स
22. ब	23. स	24. द
25. अ	26. स	27. स
28. ब	29. अ	30. स
31. स	32. ब	33. द
34. स	35. अ	36. स
37. स		

व्याख्यात्मक हल

9. ब. चंबल नदी का उद्गम स्थल इन्दौर के पास महू में जानापाव पहाड़ी में है।
12. अ. मध्यप्रदेश की पूर्व से पश्चिम तक लंबाई 870 किलोमीटर है।
15. ब. जबलपुर में मदन महल स्थित है।
18. ब. देवास में मालवी बोली जाती है।
25. अ. प्रदेश का पहला ग्रीनफील्ड कार्गो हवाई अड्डा डबरा (ग्वालियर) में कार्यरत है।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन के सहायक प्राध्यापक हैं।)

एकांकी दुकानों में संक्रमण से बचाव के लिये बरती जाएं सावधानियां

भोपाल, लॉकडाउन में दी जा रही छूट के उपरांत विभिन्न जिलों में एकांकी (स्टैंड अलोन) दुकानें खोली जाने के मद्देनजर सरकार ने दुकानदारों और ग्राहकों को सभी जरूरी ऐहतियात बरते जाने की हिदायत दी है। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण श्री फैज अहमद किदवई ने इस सिलसिले में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

समस्त कलेक्टर, आयुक्त नगर निगम, नगर पालिका और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि सभी सार्वजनिक क्षेत्रों में मुंह पर मास्क लगाना और सोशल डिस्टेंसिंग अनिवार्य किया गया है। साथ ही भीड़-भाड़ कम रखने के निर्देश दिये गये हैं। दुकानदारों को यह सूचित करना होगा कि उनकी दुकानों पर हाथों को साफ रखने के लिये हैंड सेनेटाइजर एवं साबुन से हाथ धोने की व्यवस्था उपलब्ध रहे ताकि दुकानों में आने वाले लोग हाथ धोकर या सेनेटाइजर लगाकर दुकान में प्रवेश कर सकें। सभी आगंतुकों को अनिवार्य रूप से मास्क लगाना होगा। बिना मास्क के किसी भी आगंतुक को प्रवेश न दिया जाए। दुकानदारों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे ग्राहकों और कर्मचारियों के लिये अतिरिक्त मास्क उपलब्ध कराएं। इन मास्क का वितरण निःशुल्क या सशुल्क किया जा सकता है। ग्रामीण आजीविका मिशन के समूहों द्वारा बनाये जा रहे 10 रुपये मूल्य के मास्क का भी उपयोग किया जा सकता है।

दुकानों के क्षेत्रफल के अनुसार और लोगों के बीच न्यूनतम डेढ़ मीटर की दूरी का पालन किया जाना चाहिए। काउंटर पर बैठने वाले दुकान के कर्मचारी के लिये मास्क लगाना अनिवार्य होगा तथा वे ग्राहकों से निश्चित दूरी रखते हुए ही खरीददारी में उनकी सहायता कर सकेंगे। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए की किसी भी दुकान में एक समय में 5 ग्राहकों से अधिक व्यक्ति न हों। दुकानदारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी दुकानों में ग्राहकों के द्वारा कम से कम चीजों को छुआ जाए। सेल्समैन के द्वारा ही चीजें दिखाई जाएं और सामानों की बिक्री की जाए।

दुकानों के काउंटर और फर्श आदि को नियमित रूप से विसंक्रमित किया जाना चाहिए, इसके लिये धातुओं की सतह, कम्प्यूटर और ऐसी वस्तुएँ जो जंग खा सकती है या खराब हो सकती हों, उन्हें एल्कोहल बेस्ड सेनेटाइजर से तथा फर्श, टाइल्स आदि को एक प्रतिशत सोडियम हाईपोक्लोराइड सोल्युशन से विसंक्रमित किया जा सकता है। इसके लिये मोटे तौर पर 2 भाग सोल्युशन तथा 8 भाग पानी मिलाकर सफाई की जा सकती है।

हायर सेकेण्डरी की शेष परीक्षाओं के नवीन प्रवेश-पत्र जारी

भोपाल, माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वर्ष 2020 की स्थगित हायर सेकेण्डरी की शेष विषयों की परीक्षा एवं जिला परिवर्तन किये गये छात्रों के नवीन प्रवेश-पत्र माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा 4 जून को जारी कर दिये गये हैं, जिन्हें संबंधित संस्था या छात्र एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल से एवं मोबाइल एप के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

लॉकडाउन अथवा अन्य कारणों से कुछ परीक्षार्थी अपने वर्तमान निवास स्थान से अन्य स्थानों पर विस्थापित हुए हैं। इन परिस्थितियों में परीक्षार्थी वर्तमान में जिस जिले में निवासरत हैं, उन्हें उसी जिले से परीक्षा में शामिल होने की सुविधा प्रदान की गई है। ऐसे परीक्षार्थियों को भी प्रवेश-पत्र जारी किये गये हैं। वहीं कुछ विस्थापित छात्र उक्त सुविधा के लिये ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत अपने पूर्व जिले के परीक्षा केंद्र से ही शामिल होना चाहते हैं। ऐसे छात्रों को परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने की स्थिति में परीक्षा में शामिल कराते हुए स्थानांतरित जिले के शिक्षा अधिकारी को सूचित किया जायेगा।

ऑनलाइन आवेदन न करने पर भी दे सकेंगे परीक्षा

यदि कोई छात्र निर्धारित तिथि में ऑनलाइन आवेदन नहीं कर पाया है, तो ऐसे छात्र को जिला शिक्षा अधिकारी छात्र के आवेदन पर ही परीक्षा में शामिल कर सकेंगे तथा इसकी सूचना माध्यमिक शिक्षा मण्डल को देंगे। मण्डल ने यह सुविधा इसलिये दी है कि कोई भी छात्र परीक्षा देने से वंचित न रहे। सोशल डिस्टेंसिंग के लिये जिले में (सम्पूर्ण केंद्र परिवर्तन को छोड़कर) निर्धारित उप केंद्र पर शामिल छात्रों के प्रवेश-पत्र मूल परीक्षा केंद्र के नाम से ही जारी किये गये हैं। संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी छात्रों को उप केंद्र की जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे। जिन जिलों में सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के लिये सम्पूर्ण केंद्र परिवर्तन किये गये हैं, उन छात्रों के प्रवेश-पत्र नवीन शिक्षा केंद्र अंकित कर जारी किये गये हैं।

खेलचर्चा

रद्द हो सकती है भारत और ऑस्ट्रेलिया की ट्वेंटी-20 सीरीज

नई दिल्ली, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अक्टूबर में प्रस्तावित तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज रद्द हो सकती है। दरअसल दोनों देशों को अक्टूबर में ट्वेंटी-20 सीरीज तथा दिसम्बर और जनवरी में टेस्ट और वनडे सीरीज खेलनी है। ऐसे में भारतीय टीम को 2 बार ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना होगा। कोरोना महामारी के कारण यात्रा प्रतिबंध के चलते खिलाड़ियों को दो बार 14-14 दिन क्वारेंटाइन में रहना होगा, जिसमें खिलाड़ियों को काफी दिक्कत हो सकती है। इसलिए माना जा रहा है कि ट्वेंटी-20 सीरीज रद्द हो सकती है।

बीसीसीआई सितम्बर में लगा सकता है ट्रेनिंग कैम्प

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) खिलाड़ियों के लिए अगस्त-सितम्बर माह के बीच ट्रेनिंग कैम्प लगाने के बारे में विचार कर रहा है। बीसीसीआई के एक अधिकारी के अनुसार बोर्ड खिलाड़ियों को मानसून के बाद मैदान में उतारने पर विचार कर रहा है। इस ट्रेनिंग कैम्प का उद्देश्य खिलाड़ियों को आपस में तालमेल बैठाने में मदद करना है। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण देशभर में खेल गतिविधियां ठप्प हो गई थीं, लेकिन अब धीरे-धीरे खेल गतिविधियों को शुरू करने पर योजना बनाई जा रही है।

निचली रैंकिंग के खिलाड़ियों को फंड जारी करेगा आईटीएफ

लंदन, अंतर्राष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) ने कोरोना महामारी के कारण बंद हुई खेल प्रतियोगिताओं के बाद बड़े शेयरधारकों द्वारा जुटाई गई राहत निधि के अलावा निचली रैंकिंग के खिलाड़ियों की वित्तीय मदद करने का फैसला किया है। आईटीएफ के अनुसार एटीपी, डब्ल्यूटीए, ग्रैंडस्लैम देश (अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस) तथा नोवाक जोकोविच की अगुवाई में शीर्ष खिलाड़ियों ने 60 लाख डॉलर से ज्यादा राशि जुटाई है। योजना के तहत इस राशि को 800 खिलाड़ियों में बांटा जाएगा। आईटीएफ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह राशि उन खिलाड़ियों को मिलेगी जो महिला और पुरुष वर्ग में 500 से 700 रैंकिंग के बीच हैं तथा युगल वर्ग में 175 से 300 रैंकिंग के बीच हैं। आईटीएफ यह राशि राष्ट्रीय महासंघों को देगा। जिसे वे अपने योग्य खिलाड़ियों के बीच वितरित करेंगे।

तय समय पर यूएस ओपन कराने पर हो रहा विचार

न्यूयॉर्क, कोरोना महामारी का असर खेल जगत पर भी पड़ा है। बड़े-बड़े टूर्नामेंट कोरोना के कारण रद्द किए गए हैं। लेकिन यूएस ओपन के आयोजक कोरोना संकट के बावजूद इसे सही समय पर आयोजित करने की संभावनाएं तलाश रहे हैं। आयोजकों के अनुसार कुछ योजनाओं पर विचार किया जा रहा है जैसे - खिलाड़ियों को चार्टर्ड विमान से न्यूयॉर्क लाना और यात्रा से पहले खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का कोरोना परीक्षण करना शामिल है। अमेरिकी टेनिस संघ की मुख्य कार्यकारी अधिकारी स्ट्रेसी एलेस्टर ने कहा कि इन पर अभी केवल विचार किया जा रहा है। हमने अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है।

रोजर फेडरर बने विश्व में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ी

विराट फोर्ब्स टॉप-100 सूची में शामिल एकमात्र क्रिकेटर

न्यूयॉर्क, अमेरिका की प्रतिष्ठित पत्रिका फोर्ब्स ने दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले 100 खिलाड़ियों की सूची जारी की है। सूची में दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। सूची में क्रिस्टियानो रोनाल्डो दूसरे तथा लियोनेल मेसी तीसरे स्थान पर काबिज हैं। फोर्ब्स टॉप-100 सूची में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने भी जगह बनाई है। इस सूची में जगह बनाने वाले विराट विश्व के एकमात्र क्रिकेटर हैं।

ब्रांड एंडोर्समेंट से नंबर वन बने फेडरर

पिछले वर्ष फोर्ब्स-100 सूची में चौथे स्थान पर रहने वाले स्विट्जरलैंड के स्टार फेडरर ने इस वर्ष लंबी छलांग लगाकर पहला स्थान हासिल किया। फेडरर ने पिछले 12 महीनों 106.3 मिलियन डॉलर (लगभग 802 करोड़ रुपये) कमाए हैं। पिछले बार की तुलना में उनकी कमाई में 98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। फोर्ब्स के अनुसार फेडरर की कमाई में ब्रांड एंडोर्समेंट की बड़ी भूमिका है। फेडरर ने ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए 100 मिलियन डॉलर हासिल किए हैं।

फुटबॉलर्स का रहा दबदबा

फोर्ब्स-100 सूची में फुटबॉलर्स का दबदबा रहा है। टॉप-10 में तीन फुटबॉलर हैं। पिछले वर्ष फोर्ब्स सूची में पहले स्थान पर रहने वाले अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी इस बार दो स्थान फिसल कर तीसरे स्थान पर आ गए। वहीं मेसी के चिर प्रतिद्वंद्वी पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है। रोनाल्डो पिछले वर्ष भी इसी स्थान पर थे। रोनाल्डो ने 105 मिलियन डॉलर कमाए हैं, जबकि मेसी ने 104 मिलियन डॉलर कमाए। सूची में ब्राजील के फुटबॉलर नेमार जूनियर चौथे स्थान पर रहे।

फोर्ब्स टॉप-10 खिलाड़ी

क्र.	नाम	देश	खेल	आय (डॉलर में)
1.	रोजर फेडरर	स्विट्जरलैंड	टेनिस	106.3 मिलियन
2.	क्रिस्टियानो रोनाल्डो	पुर्तगाल	फुटबॉल	105 मिलियन
3.	लियोनेल मेसी	अर्जेंटीना	फुटबॉल	104 मिलियन
4.	नेमार जूनियर	ब्राजील	फुटबॉल	95.5 मिलियन
5.	लेब्रॉन जेम्स	अमेरिका	बास्केटबॉल	88.2 मिलियन
6.	स्टीफन करी	अमेरिका	बास्केटबॉल	74.4 मिलियन
7.	केविन डुरंट	अमेरिका	बास्केटबॉल	63.9 मिलियन
8.	टाइगर वुड्स	अमेरिका	गोल्फ	62.3 मिलियन
9.	किर्क कजिंस	अमेरिका	रग्बी	60.5 मिलियन
10.	कार्सन वेंट्स	अमेरिका	रग्बी	59.1 मिलियन

विराट की रैंकिंग में हुआ सुधार

फोर्ब्स-100 सूची में विराट कोहली के अलावा किसी अन्य भारतीय खिलाड़ी को जगह नहीं मिली है। विराट ने पिछले वर्ष 26 मिलियन डॉलर (196 करोड़ रुपये) की कमाई की। इनमें सिर्फ 2 मिलियन डॉलर (15 करोड़ रुपये) उन्हें वेतन और मैच फीस के तौर पर मिले हैं वहीं, 24 मिलियन डॉलर (182 करोड़ रुपये) की आय उन्होंने विज्ञापन के जरिए की। विराट पिछले वर्ष फोर्ब्स-100 सूची में 100वें स्थान पर थे।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के नामांकन की तिथि बढ़ी

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए नामांकन भेजने की अंतिम तिथि को 22 जून तक बढ़ा दिया है। इससे पहले अंतिम तिथि 3 जून थी। इसके अलावा खेल मंत्रालय ने लॉकडाउन के कारण होने वाली परेशानी के कारण खिलाड़ियों को अपना नामांकन खुद दाखिल करने की मंजूरी दी है। खेल मंत्रालय ने कहा कि सरकार की मंजूरी मिलने के बाद मंत्रालय ने अधिकारियों और व्यक्तियों की अनुशंसा पर भेजे गए आवेदनों को ही जमा करने के नियम को खत्म कर दिया है।

यशस्विनी ने ऑनलाइन निशानेबाजी में जीता स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, भारत की युवा निशानेबाज यशस्विनी देसवाल ने ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। यशस्विनी ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में यह पदक हासिल किया। इस स्पर्धा में आशीष डवास दूसरे और अनीश भानवाला तीसरे स्थान पर रहे। 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में ऑस्ट्रिया के मार्टिन स्टेम्फल ने स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में भारत के रुद्राक्ष पाटिल दूसरे तथा विष्णु शिवराज पंडियन तीसरे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि यशस्विनी टोक्यो ओलिंपिक में भारतीय निशानेबाजी दल का हिस्सा हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कोच जाको वेरहारेन ने दिया इस्तीफा

ब्रिसबेन, टोक्यो ओलिंपिक खेल एक वर्ष के लिए स्थगित होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई तैराकी टीम के मुख्य कोच जाको वेरहारेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वेरहारेन वर्ष 2013 से ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ जुड़े थे। वेरहारेन का करार टोक्यो ओलिंपिक 2020 तक था। ओलिंपिक खेल स्थगित होने के बाद उन्होंने कार्यकाल बढ़ाने से मना कर दिया है।

इंग्लैंड ने 55 खिलाड़ियों का ट्रेनिंग ग्रुप किया घोषित

लंदन, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कोरोना संकट के बाद खिलाड़ियों की मैदान पर वापसी के लिए 55 खिलाड़ियों के ट्रेनिंग ग्रुप की घोषणा की है। इन 55 खिलाड़ियों में एलेक्स हेल्स और लियाम प्लंकेट जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है। ग्रुप में 14 अनकैप्ड खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रुप में 18 गेंदबाजों को जगह मिली है। ईसीबी के प्रदर्शन निदेशक एमओ बोएट ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण पर वापस लाने की स्थिति हमारे लिए खुशी की बात है। गर्मियों में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के अपने लक्ष्य के करीब जाते हैं, तो खिलाड़ियों का पूल चयनकर्ताओं को मजबूत विकल्प देगा।

एलेक्स हेल्स इंग्लैंड के लिए सलामी बल्लेबाजी कर चुके हैं। हेल्स को प्रतिबंधित दवाओं के सेवन के कारण प्रतिबंधित किया गया था। इस प्रतिबंध के कारण वे विश्वकप की टीम से भी बाहर हो गए थे। इसके बाद हेल्स टीम में वापसी नहीं कर पाए थे। वहीं लियाम प्लंकेट ने इंग्लैंड को विश्व विजेता बनाने में अहम योगदान दिया था।

प्लंकेट ने विश्वकप फाइनल में 42 रन देकर 3 विकेट लिए थे। विश्वकप के बाद प्लंकेट को इंग्लिश टीम में जगह नहीं मिली। कुछ महीने पहले उन्हें अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से भी हटा दिया गया था।

वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड दौरे के लिए टीम की घोषित

किंगस्टन, क्रिकेट वेस्टइंडीज ने जुलाई माह में प्रस्तावित इंग्लैंड दौरे के लिए राष्ट्रीय टीम की घोषणा की है। टीम में 14 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, वहीं 11 खिलाड़ियों को रिज़र्व में रखा गया है। वेस्टइंडीज के प्रमुख बल्लेबाज डैरेन ब्रावो और शिमरन हेटमायर तथा गेंदबाज कीमो पॉल ने टीम से नाम वापस ले लिया है।

क्रिकेट वेस्टइंडीज द्वारा जारी बयान में कहा गया कि सीरीज के आयोजन को ब्रिटेन सरकार की अनुमति मिलती है, तो एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट शुरू होगा। डैरेन ब्रावो, कीमो पॉल और शिमरन हेटमायर के इंग्लैंड न जाने के फैसले का बोर्ड पूरा सम्मान करता है। भविष्य में टीम का चयन करते हुए बोर्ड खिलाड़ियों के इस फैसले का उनके खिलाफ इस्तेमाल नहीं करेगा। खिलाड़ियों और स्टाफ की सुरक्षा के लिए समग्र चिकित्सीय और संचालन योजना के तहत वेस्टइंडीज की टीम सात सप्ताह के दौरान सुरक्षित माहौल में रहेगी और ट्रेनिंग करेगी। दौरे पर जाने वाले सभी लोगों का कोरोना परीक्षण होगा।

उल्लेखनीय है कि वेस्टइंडीज को इंग्लैंड दौरे पर 3 टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट मैच 8 से 12 जुलाई को हैंपशायर में, दूसरा टेस्ट 16 से 20 जुलाई तथा तीसरा टेस्ट 24 से 28 जुलाई को मैनचेस्टर में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रियन कप

रेडबुल साल्जबर्ग ने सातवीं बार जीता खिताब

विएना, कोरोना महामारी के कारण बंद बड़ी खेल गतिविधियां अब पटरी पर लौट रही हैं। इस बीच विएना में ऑस्ट्रियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल में रेडबुल साल्जबर्ग ने ऑस्ट्रिया लुस्तेनाऊ को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराया।

दर्शकों के बिना खाली स्टेडियम में खेले गए फाइनल मैच की शुरुआत से ही साल्जबर्ग ने लुस्तेनाऊ पर दबाव बनाने में सफलता पाई। साल्जबर्ग ने पहले हाफ में 2-0 की बढ़त हासिल की। साल्जबर्ग के लिए पहला गोल डोमिनिक स्जोबोजलाई ने 19वें मिनट में फ्री किक पर किया वहीं 21 मिनट में लुस्तेनाऊ के डोमिनिक स्ट्रम्बर अपने ही गोल पोस्ट में आत्मघाती गोल कर बैठे।

दूसरे हाफ में भी साल्जबर्ग की टीम ने आक्रामक खेल जारी रखा। साल्जबर्ग के लिए दूसरे हाफ में नूह ओकाफोर, मजीद अशिमेरू और सेको कोइला ने गोल किया। लुस्तेनाऊ की टीम लगातार गोल खाने के बाद रक्षात्मक रणनीति पर उतर आई लेकिन हार को टाल नहीं पाई।

जीत के बाद रेडबुल साल्जबर्ग टीम के खिलाड़ियों ने नए नियमों के तहत सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए जश्न मनाया। वहीं ऑस्ट्रिया लुस्तेनाऊ टीम के खिलाड़ियों ने अपने मैडल खुद उठाये।

- **रेडबुल साल्जबर्ग 7 बार ऑस्ट्रियन कप जीत चुकी है, वहीं 5 बार उपविजेता भी रही है।**
- **साल्जबर्ग ने वर्ष 2012, 2014, 2015, 2016, 2017, 2019 और 2020 में जीता है खिताब।**
- **साल्जबर्ग के मैनेजर जेस मार्श यूरोपियन ट्रॉफी जीतने वाले पहले अमेरिकी मूल के मैनेजर बने हैं।**
- **मार्श इससे पहले न्यूयॉर्क रेडबुल टीम के मैनेजर भी रह चुके हैं।**

खिलाड़ियों की पूरी ट्रेनिंग शुरू कराना जरूरी-छेत्री

नई दिल्ली, भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने कहा कि जर्मनी की बुंदेसलीगा बिना दर्शकों के ही शुरू हो गई है। इसी तरह इंग्लिश प्रीमियर लीग और स्पेनिश लीग भी वापसी पर काम कर रही हैं। ये दोनों लीग बिना दर्शकों के खाली स्टेडियम में खेली जाएंगी जो कि निकट भविष्य में चलन बन सकता है। छेत्री ने कहा कि भारतीय फुटबॉल का सीजन शुरू होने वाला है। सीजन की शुरुआत के लिए पहले जरूरी है कि पूरी तरह ट्रेनिंग शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि पहला चरण ट्रेनिंग का होना चाहिए, क्योंकि मैच सप्ताह में एक दिन होंगे, लेकिन ट्रेनिंग हर दिन कर सकते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : युगल से साभार)

सामयिकी

शांति रक्षकों को मिला मरणोपरांत पदक

5 भारतीय शांति रक्षकों सहित 84 सैन्य, पुलिस और असैन्य कर्मियों को मरणोपरांत प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया। इन सभी ने संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा अभियानों में भाग लेते हुये पिछले साल अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र के मिशन में सेवा देने वाले मेजर रवि इंदर सिंह संधु और सार्जेंट लाल मनोत्रा तरसेन, लेबनान में सार्जेंट रमेश सिंह, यूएन डिसएंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स में काम करने वाले पी. जॉनसन वेक और एडवर्ड ए पिंटो को 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस पर मरणोपरांत पदक दिये गये।

अमेरिका ने

G-7 सम्मेलन की तिथि आगे बढ़ायी

अमेरिका में इस वर्ष जून माह में प्रस्तावित G-7 शिखर बैठक की तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है।

- **अमेरिका के राष्ट्रपति ने कोरोना महामारी के चलते इसे सितंबर तक स्थगित करने की घोषणा की है।**
- **विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों के इस समूह में भारत सहित कुछ अन्य देशों को शामिल करने की मांग की गई है।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वक्त और हालात को देखते हुए G-7 के ढांचे में सुधार की जरूरत है। व्हाइट हाउस की सामरिक संचार की निदेशक एलिसा अलेक्जेंड्रा फराह ने कहा है कि यह हमारे पारंपरिक सहयोगियों को एक साथ लाने का मंच है और इसके सुधार की बहुत गुजाइंश भी है। जर्मनी की चांसलर एंजेला मार्केल ने कहा कि जब तक कोरोना वायरस का प्रकोप रहेगा, उनका देश G-7 सम्मेलन में भाग नहीं लेगा। ज्ञात रहे कि G-7 दुनिया

की सबसे बड़ी और संपन्न अर्थव्यवस्थाओं वाले सात देशों का मंच है, जिसमें फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा शामिल हैं। इन देशों के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और मुद्रा के मुद्दों पर प्रतिवर्ष बैठक करते हैं।

अ प्लास्टिक प्लेनेट ने प्लास्टिक फ्री पीपीई शील्ड की तैयार

पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के खिलाफ मुहिम चलाने वाले इंग्लैंड के 'अ प्लास्टिक प्लेनेट' संगठन ने दुनिया की

पहली प्लास्टिक फ्री पीपीई शील्ड तैयार की है। इसे लकड़ी से निकलने वाले सेल्यूलोज और कागज की मदद से तैयार किया गया है। जल्द ही इसकी बिक्री शुरू हो जाएगी। एक पीपीई शील्ड की कीमत 48 रुपये रखी गई है। अमेरिकी कम्पोस्टिंग काउंसिल का कहना है प्लास्टिक फ्री होने के कारण यह पीपीई शील्ड कचरे में 3 दिन के अंदर अपने आप खत्म हो जाती है।

स्कूल खोलने पर ब्रिटेन सहित कई देशों में विरोध शुरू

सरकार की मंजूरी के बाद भी ब्रिटेन में ज्यादातर प्राइमरी स्कूल नहीं खुले। ज्यादातर अभिभावकों ने स्कूल खोलने का विरोध किया। कहीं-कहीं तो अभिभावकों के साथ छोटे बच्चे

- **दक्षिण अफ्रीका में 2 हफ्ते तक स्कूल खोलने का फैसला टला।**
- **दक्षिण कोरिया में 838 स्कूल सुरक्षा की दृष्टि से फिर से बंद किए गए।**
- **भारत में ऑनलाइन सत्र चलाने पर जोर।**

भी विरोध कर रहे थे। ज्यादातर का मानना था कि सितंबर के बाद ही स्कूल पुनः खोलना चाहिए। ब्रिटेन के प्राइमरी स्कूलों में तकरीबन 20 लाख बच्चे पढ़ते हैं। कुछ स्कूलों ने एक क्लासरूम में कम से कम छात्र बिठाने का निर्णय लिया है। ज्ञात रहे कि कोरोना संक्रमण के कारण पिछले 10 हफ्तों से ब्रिटेन के स्कूल बंद हैं।

कांगो में

फिर से इबोला का प्रकोप

कांगो में इबोला का प्रकोप फिर से फैल रहा है और यह तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। इसमें 4 से ज्यादा

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक डॉक्टर टेड्रोस अदनोम घेबियस ने कहा कि आपात स्थिति से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है।**

लोगों की मौत हो गयी है। पहले इन्हें कोविड-19 से होने वाली मौत माना गया था, लेकिन मृतकों के परीक्षण निगेटिव आने के बाद ही इबोला की शंका के चलते परीक्षण करने पर इबोला के होने की पुष्टि हुई।

कांगो ने अभी तक अपने पूर्वी इलाके में इबोला के आधिकारिक अंत की घोषणा नहीं की है। यहां अगस्त 2018 में महामारी

शुरू होने के बाद से कम से कम 2,243 लोगों की मौत हो गई है। 1976 में देश में वायरस का पता चलने के बाद कांगो में इबोला का यह 11वां प्रकोप है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर एटन लोगोंडो के अनुसार 18 मई को पीड़ितों की मृत्यु हो गई थी, लेकिन इबोला की पुष्टि करने वाले परिणाम सप्ताह के अंत में आए हैं। तब से कांगो के चप्पे-चप्पे पर इबोला जांच के नये सेंटर तैयार कर दिये गये हैं।

चीन ने एयरक्राफ्ट कैरियर शैनडोंग का किया समुद्री परीक्षण

चीन ने पिछले सप्ताह एयरक्राफ्ट कैरियर शैनडोंग का समुद्री परीक्षण किया है। उपकरणों और हथियारों की जांच के लिए इसका परीक्षण किया गया है।

- **चीन की सेना के अनुसार यह देश में निर्मित पहला विमान वाहक पोत है।**
- **जहाज का समुद्र में परीक्षण वार्षिक योजना के मुताबिक किया गया है।**

रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीनियर कर्नल रेन गुओकियांग ने कहा कि परीक्षण का उद्देश्य विमान वाहक पोत के हथियारों और उपकरणों की जांच करना है। इसमें प्रशिक्षण भी शामिल है। इसका उद्देश्य इस तरह के युद्ध पोतों के प्रशिक्षण स्तर में सुधार करना और मिशन को पूरा करने के

लिए सैन्यकर्मियों की क्षमताओं को बढ़ाना है। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक शैनडोंग का परीक्षण और प्रशिक्षण पीला सागर में किया गया, क्योंकि चीन के समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने इसके कुछ इलाके प्रतिबंधित कर रखे थे। पोत का दिसंबर 2019 में जलावतरण किए जाने के बाद से ही उसका सक्रिय रूप से युद्ध आधारित प्रशिक्षण जारी है।

अमेरिका ने हांगकांग का विशेष दर्जा खत्म करने की घोषणा की

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हांगकांग में नया सुरक्षा कानून लागू करने के चीन के कदम पर एतराज जताते हुए हांगकांग का विशेष दर्जा खत्म करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि चीन ने हांगकांग की स्वायत्तता को लेकर किए गए वादे को तोड़ा है। इसलिए अमेरिका दी जाने वाली आर्थिक सहूलियतों को अब आगे क्रियान्वित नहीं करेगा। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विश्व स्वास्थ्य संगठन से सभी संबंध तोड़ने की घोषणा भी की थी। गौरतलब है कि अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ को फंड देना तो बहुत समय पहले से ही बंद कर रखा है।

अश्वेत जॉर्ज की हत्या के विरोध में अमेरिका में हिंसा

अमेरिका में अश्वेत जॉर्ज फ्लॉयड की हुई हत्या के बाद अश्वेतों के साथ श्वेत भी विरोध प्रकट करने के लिए सामूहिक रूप से शामिल हो गए हैं। जॉर्ज की पुलिस के हाथों हुई हत्या को एक हफ्ता बीत चुका है, लेकिन विरोध प्रदर्शन, हिंसा और जगह-जगह आगजनी और हिंसक प्रदर्शन किए गए। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हिंसा के कारण बंकर में ले जाया गया। हालिया घटनाक्रम में श्वेत अमेरिकी छात्रों के शामिल हो जाने से यह विरोध प्रदर्शन और बढ़ गये हैं।

अमेरिका में हिंसा रोकने

प्रथम महिला मेलानिया ने शांति की अपील की

अमेरिका की प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने अफ्रीकी-अमेरिकी जॉर्ज फ्लॉयड की पुलिस हिरासत में हुई मौत के बाद देशभर में भड़के हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर लोगों से कर्फ्यू का पालन करने, रास्तों से हटने और अपने प्रियजनों के साथ समय बिताने की अपील की है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि 'सभी शहर, समुदाय और नागरिक सुरक्षित रहने के हकदार हैं और यह तभी संभव है जब सभी मिलकर काम करें, उन्होंने उग्र प्रदर्शन न करने की अपील भी अमेरिका के नागरिकों से की है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

मैं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हूँ। मैं एनसीईआरटी की 9वीं से 12वीं तक की कुछ किताबों को डाउनलोड कर पढ़ाई करना चाहता हूँ। मार्गदर्शन दें?

- संदीप द्विवेदी, इटारसी

इस समय बड़ी संख्या में स्टूडेंट किताबें नहीं होने से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।



ऐसे में अब छात्रों को घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि एनसीईआरटी ने नौवीं से 12वीं तक की करीब 109 किताबों की सॉफ्ट कॉपी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। सभी किताबों की सॉफ्ट कॉपी के लिंक भी दिए गए हैं, जहां से छात्र संबंधित विषय की किताब को डाउनलोड कर सकेंगे। एनसीईआरटी की वेबसाइट के अलावा विद्यार्थी सीबीएसई की वेबसाइट से भी लिंक प्राप्त कर किताबें डाउनलोड कर सकते हैं। अगर कोई छात्र किसी एक चैप्टर को ही डाउनलोड करना चाहेगा तो वह भी विकल्प दिया गया है। किसी किताब में अगर 10 चैप्टर हैं तो एक चैप्टर को डाउनलोड कर उसे पढ़ने के बाद दूसरा चैप्टर डाउनलोड कर सकते हैं। ऐसा नहीं है कि सारी किताबें एक साथ ही डाउनलोड करनी होंगी।

मैं इंदिरा गाँधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (IGNOU) के ऑनलाइन कोर्सेस की जानकारी प्राप्त करना चाहता हूँ। क्या इग्नू से लाइब्रेरी और इंफॉर्मेशन साइंस का ऑनलाइन कोर्स किया जा सकता है?

- अशोक देशपांडे, गाडरवाड़ा

आप इंदिरा गाँधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (IGNOU) से लाइब्रेरी और इंफॉर्मेशन साइंस में ऑनलाइन कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए आप इग्नू के ऑनलाइन पोर्टल www.ignou.ac.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी दीजिए।

- योगेंद्र झा, अम्बाह

आर्कियोलॉजी अर्थात पुरातत्व विज्ञान में प्राचीन मानव संस्कृति एवं

सभ्यता को खंगाला जाता है। आर्कियोलॉजी ऐतिहासिक खोज की वह शाखा है जो विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक है। इसमें प्राचीन अवशेषों से सामना होता है। मसलन प्राचीन सिक्के, बर्तन, प्राचीन किताबें, भोजपत्र पर लिखित पुस्तकें, शिलालेख, मिट्टी के नीचे दफन शहरों के खंडहर या फिर पुराने किले, मंदिर, मस्जिद और हर प्रकार के प्राचीन अवशेष, वस्तुओं आदि का अध्ययन आर्कियोलॉजी के अंतर्गत किया जाता है। ऑर्कियोलॉजी का कोर्स करने के उपरांत आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अलावा देश-विदेश में ऐसे बहुत से प्रतिष्ठित पुरातत्व संबंधी संस्थान हैं जहाँ निदेशक, शोधकर्ता, सर्वेक्षक, आर्कियोलॉजिस्ट, असिस्टेंट आर्कियोलॉजिस्ट आदि पदों पर रोज़गार प्राप्त किया जा सकता है। म्यूजियमों, आर्ट गैलरियों, विदेश मंत्रालय के हिस्टोरिकल डिवीजन, शिक्षा मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, विश्वविद्यालयों आदि में भी रोज़गार के अच्छे अवसर मिलते हैं। आर्कियोलॉजी में डिग्री लेने के बाद शोध संस्थानों, ट्रेवल एंड टूरिज़्म इंडस्ट्री आदि जगह भी रोज़गार के अवसर उपलब्ध हैं। अगर आप इतिहास को खंगालने के शौकीन हैं और इसके जरिए कई तरह की नई चीजों का पता लगाना चाहते हैं तो आर्कियोलॉजी के क्षेत्र में आपके लिए कॅरियर की बहुत संभावनाएँ हैं। ऑर्कियोलॉजिस्ट बनने के लिए आपको तीन वर्षीय बीए इन ऑर्कियोलॉजी डिग्री करना होगी, जिसके लिए 12वीं स्तर पर एक विषय के रूप में इतिहास की पढ़ाई आवश्यक है। किसी प्रतिष्ठित संस्थान से ऑर्कियोलॉजी का स्नातक कोर्स करने हेतु प्रवेश परीक्षा भी उत्तीर्ण करनी होती है। यदि आगे आप एमए इन ऑर्कियोलॉजी करना चाहते हैं तो इसकी न्यूनतम योग्यता बीए इन ऑर्कियोलॉजी या समकक्ष है। इस क्षेत्र में जाने के लिए कम्युनिकेशन स्किल और आईटी स्किल की भी बहुत जरूरत है। स्कूल ऑफ आर्काइवल स्टडीज, नई दिल्ली, सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई, दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ हेरिटेज रिसर्च एंड मैनेजमेंट, नई दिल्ली, डिपार्टमेंट ऑफ आर्कियोलॉजी, डेक्कन कॉलेज, पुणे सहित देश के प्रमुख संस्थानों से आर्कियोलॉजी का कोर्स किया जाना कॅरियर की दृष्टि से उपयुक्त रहेगा।

मैं 10वीं कक्षा की स्टूडेंट हूँ। मेरी रुचि मानविकी (आर्ट्स) विषय लेकर कॅरियर बनाने की है। आर्ट्स विषय लेकर बेहतर कॅरियर कैसे बनाया जा सकता है?

- सोनाक्षी मालवीय, बड़वानी

यदि आपकी रुचि योग्यता और क्षमता परम्परागत रूप से चले आ रहे लोकप्रिय विषय मानविकी यानी आर्ट्स में कॅरियर बनाने की है, तो 10वीं पास करने के बाद अपने बेहतर कॅरियर के लिए आपको आर्ट्स स्ट्रीम को चयनित करना होगा। आर्ट्स ग्रुप के तहत कई विषय शामिल हैं। इनमें अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, भूगोल, गृह विज्ञान, विदेशी भाषाएँ, समाजशास्त्र, इतिहास, मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान, दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र इत्यादि विषय शामिल हैं। इन सभी में कॅरियर की अच्छी संभावनाएँ हैं। आजकल आर्ट्स स्ट्रीम के स्टूडेंट्स के पास अन्य स्ट्रीम की तरह कई आकर्षक कॅरियर विकल्प मौजूद हैं। इनमें फैशन डिजाइनिंग, ज्वेलरी डिजाइनिंग, इवेंट मैनेजमेंट, ऑडियो-विजुअल मीडिया एंड एनिमेशन, टूरिज़्म, डिजास्टर मैनेजमेंट, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफी, ज्वेलरी डिजाइनिंग, जर्नलिज्म, सोशल वर्क, एजुकेशन और एंथ्रोपोलॉजी जैसे कॅरियर विकल्प शामिल हैं। 12वीं के बाद कई ऐसी डिग्रियाँ हैं जो आर्ट्स के छात्रों के लिए पूरी तरह खुली हैं। इनमें पांच वर्षीय बीए-एलएलबी, बैचलर ऑफ आर्ट्स, बीए इन जर्नलिज़्म एंड मास कम्युनिकेशन, बैचलर इन होटल मैनेजमेंट, बैचलर इन ट्रेवल एंड टूरिज़्म, बैचलर ऑफ डिजाइन इन फैशन, टेक्सटाइल, मीडिया, इंटीरियर, बैचलर इन एलीमेंटरी एजुकेशन, बैचलर इन एडवरटाइजिंग, बैचलर इन फॉरेन लैंग्वेज, बैचलर ऑफ लाइब्रेरी साइंसेज, बैचलर ऑफ सोशल वर्क (बीएसडब्ल्यू), बैचलर इन फिजिकल एजुकेशन, बैचलर इन पब्लिक रिलेशन, बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स, बैचलर इन इवेंट मैनेजमेंट, बैचलर इन एपेरल डिजाइन, बैचलर इन ग्राफिक डिजाइन, बैचलर इन साइकोलॉजी, बैचलर इन जियोग्राफी, बैचलर इन पॉलिटिकल साइंस, बैचलर इन हिस्ट्री आदि प्रमुख हैं।

ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएँ बताइए? ऑटोमोबाइल इंजीनियर बनने के लिए मुझे क्या करना होगा?

- अब्दुल करीम, बुरहानपुर

देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री अर्थात वाहन उद्योग का योगदान लगातार बढ़ रहा है। दिन-प्रतिदिन आने वाले नए मॉडलों, रखरखाव तथा बढ़ते स्टेटस सिंबल के मद्देनजर लोगों का रुझान ऑटोमोबाइल की तरफ तेजी से बढ़ने लगा है। मेक इन इंडिया के कारण भी आने वाले कुछ वर्षों में यह इंडस्ट्री रोज़गार देने वाली प्रमुख इंडस्ट्री बन जाएगी। ऐसे में भारी मात्रा में प्रशिक्षित लोगों की जरूरत पड़ेगी। डिजाइनिंग, रखरखाव, मार्केटिंग आदि में हजारों व्यक्तियों के लिए रोज़गार की संभावनाएं उत्पन्न हो जाएंगी। इसमें कोई दोमत नहीं है कि ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में सबसे बेहतर कॅरियर ऑटोमोबाइल इंजीनियर का होता है। इसका प्रमुख कार्य गाड़ियों की डिजाइन, तकनीकी समस्या का निर्धारण तथा रखरखाव संबंधी होता है। बड़े-बड़े कार या बाइक निर्माता अपने नए उत्पाद के बाह्य आकार और आंतरिक साज-सज्जा को अब बहुत ज्यादा महत्व देने लगे हैं, इसलिए वह ऐसे ऑटोमोबाइल इंजीनियर्स की तलाश में रहते हैं जो बहुत क्रिएटिव हों। यानी उनमें कार या बाइक को नए सृजन का जामा पहनाने, कल्पना की खूबसूरत उड़ान भरने का माद्दा हो। आकर्षक वेतन और हर संभव सुविधा देकर निर्माता कंपनी अपने लिए उपयोगी, काबिल ऑटोमोबाइल इंजीनियर रखती हैं । ऐसा आकर्षण केवल देश में ही नहीं, विदेश में भी है। अगर आपमें रचनात्मकता, हाई विजन, समर्पण की भावना है तो तय मानिए कि ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग का क्षेत्र आपको निश्चित रोज़गार दिलाएगा। हमारे देश में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश बारहवीं के बाद मिलता है। बारहवीं में मैथ्स समूह होना आवश्यक है। ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग के डिग्री कोर्स में प्रवेश हेतु जेईई मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है। ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। तीन वर्षीय डिप्लोमा स्तर का ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम करने के उपरांत आप इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा आयोजित की जाने वाली एसोसिएट मेम्बरशिप परीक्षा में शामिल होकर इंजीनियरिंग डिग्री के समकक्ष डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। आईआईटी, मुंबई, एनआईटी कॉलेज तथा विभिन्न राज्यों के इंजीनियरिंग कॉलेजों से ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग का कोर्स किया जा सकता है।

मैं 12वीं साइंस बायोलॉजी का स्टूडेंट हूँ। मैं मेडिकल प्रवेश परीक्षा के माध्यम से डॉक्टर बनना चाहता हूँ। मुझे उपयुक्त जानकारी दीजिए?

- गौरव पालीवाल, देपालपुर

जो स्टूडेंट मेडिकल कोर्स में एडमिशन लेना चाहते हैं, उन्हें नेशनल लेवल का

एक मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम पास करना होता है। इसे नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (NEET) कहा जाता है। यह एंट्रेंस एग्जाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित करवाया जाता है। नीट एंट्रेंस एग्जाम को पास करने के बाद छात्र एमबीबीएस/बीडीएस कोर्स में एमसीआई/डीसीआई से मान्यता प्राप्त कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। नीट एंट्रेंस एग्जाम कुल 720 अंकों का होगा, जिसमें फिजिक्स, केमेस्ट्री और वायोलॉजी से कुल 180 प्रश्न पूछे जाते हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्टूडेंट का 12वीं कक्षा में फिजिक्स, केमेस्ट्री, वायोलॉजी/बायोटेक्नोलॉजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना जरूरी है। स्टूडेंट की न्यूनतम आयु 17 वर्ष निर्धारित है। नीट एग्जाम का आयोजन 11 अलग-अलग भाषाओं में किया जाता है। नीट का जो सिलेबस है, उसमें कक्षा 11वीं और 12वीं की फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी का पाठ्यक्रम शामिल होता है। इस परीक्षा से संबंधित विस्तृत और आधिकारिक जानकारी वेबसाइट ntaneet.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

मैं बी.कॉम. का स्टूडेंट हूँ। मैं मानव संसाधन प्रबंधन (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूं तथा मैनेजमेंट कोर्स से संबंधित प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं में शामिल होना चाहता हूं। मार्गदर्शन दें?

- तुषार चंदेल, हरदा

बी.कॉम. करने के बाद मानव संसाधन प्रबंधन (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट-



एचआरएम) में अच्छा कॅरियर बनाया जा सकता है। जैसे-जैसे कोई उद्योग कारोबार आगे बढ़ता है, उसके संगठन के सुचारु रूप से कामकाज करने और संचालन के लिए, एचआर डिपार्टमेंट का कार्य बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। खासतौर से कर्मचारियों की सैलरी, एम्प्लॉई रूल्स एंड रेगुलेशन्स, कंपनसेशन और लीव पॉलिसी आदि सभी पहलू एचआर डिपार्टमेंट के तहत आते हैं। एचआर डिपार्टमेंट एक बैकबोन की तरह काम करता है। यद्यपि देश में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (एचआरएम) कोर्सेस से संबंधित इंस्टीट्यूशन्स बड़ी संख्या में हैं और वहां सरलतापूर्वक एडमिशन भी हो जाता है, लेकिन अच्छे संस्थानों यानी बी-स्कूल्स में एडमिशन कठिन काम होता है। बी स्कूल यानी टॉप इंस्टीट्यूट्स में एडमिशन लेने की प्रक्रिया के दो प्रमुख आधार हैं। इनमें से एक एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया और दूसरा एंट्रेंस एग्जाम है। देश के प्रमुख मैनेजमेंट एंट्रेंस एग्जाम की जानकारी प्राप्त करने के बाद आपको किसी भी बी-स्कूल में एडमिशन लेने में बड़ी आसानी होगी। देश के प्रमुख मैनेजमेंट एंट्रेंस एग्जाम इस प्रकार हैं- कॉमन एडमिशन टेस्ट (CAT), ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोशिएशन का, मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट (AIMA MAT), नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ (NMIMS NPAT), मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट (NMAT), इंदिरा गाँधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) की एमबीए प्रवेश परीक्षा (OPENMAT), सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूड टेस्ट (SNAP), एसोशिएशन ऑफ इंडियन मैनेजमेंट स्कूल (AIMS) के एम्स टेस्ट फॉर मैनेजमेंट एडमिशन (ATMA), कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (CMAT)। इन प्रवेश परीक्षाओं के अलावा देश के जिन विश्वविद्यालयों में ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट-एचआरएम कोर्स संचालित किए जाते हैं, वे अपनी-अपनी प्रवेश परीक्षाएँ आयोजित करके ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट-एचआरएम के कोर्स में प्रवेश देते हैं। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर सहित मध्यप्रदेश के कई विश्वविद्यालय भी अपने मैनेजमेंट कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।